वाणिज्य मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 4 अगस्त, 1997

का.आ. 2077.—केन्द्रीय सरकार ने भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए निर्यात से पूर्व अंडा उत्पादों का क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण करने के लिए कतिपय प्रस्ताव, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप नियम (2) की अपेक्षानुसार भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश सं. का.आ. 130(अ), तारीख 20 फरवरी, 1997 को राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) तारीख 20 फरवरी, 1997 में प्रकाशित किए गए थे,

2. और इससे प्रभावित होने वाले उन सभी व्यक्तियों से उक्त आदेश के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे,

3 और उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को 20 फरवरी, 1997 को उपलब्ध करा दी गयी थीं,

4. और उक्त मसौदा पर जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार ने विचार कर लिया है,

5. और यह आवश्यक है कि क्वालिटी नियंत्रण के उच्च मापदंड और स्वास्थ्य स्तरों को यूरोपियन आर्थिक समुदाय (ईईसी) 89/437/ईईसी, तारीख 20-6-1989 और संयुक्त राष्ट्र के कृषि विभाग (यूएसडीए) के विनियमों में विहित निर्देशों का अनुपालन करते हुए सुनिश्चित किया जाए,

6. अंडा उत्पादों के उत्पादन, भंडारण और परिवहन की बाबत स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाएं अधिकथित की जानी चाहिए और विशिष्टतया यह महत्वपूर्ण है कि इस संबंध में स्थापनों को अनुमोदन को शासित करने वाले नियम अधिकथित किए जाएं।

7. यह भी महत्वपूर्ण है कि अंडा उत्पादों के लिए स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए नियम अधिकथित किए जाएं।

8. प्रसंस्करणकर्ताओं का, प्रमुखतया, यह उत्तरदायित्व होगा कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस आदेश में अंडा उत्पाद के लिए अधिकथित स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करते हैं और सक्षम प्राधिकारी यह देखेगा कि इस संबंध में क्वालिटी नियंत्रण निरीक्षण और मानीटरिंग की उपरिवर्णित अपेक्षाओं को पूरा करता है। क्वालिटी नियंत्रण, निरीक्षण और मानीटरिंग को शासित करने वाले ये नियम अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं।

9. पदार्थों में ऐसे अपशिष्टों का जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, पता लगाने के लिए यदाकदा ऐसी जांच करना आवश्यक है।

10. और आयातित देशों की अपेक्षाओं के प्रति निर्देश करते हुए मानीटर करने की प्रक्रिया की बाबत ऐसे उपबंध किए जाएं जो उपरोक्त स्थितियों की समानता सुनिश्चित हो जाए।

11. अतः, केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी देश में क्वालिटी मानकों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करें।

12. अतः, अब, केन्द्रीय सरकार के निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निर्यात निरीक्षण परिषद से परामर्श करने के पश्चात् उसकी यह राय होने पर कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक और समीचीन है :—

क. यह अधिसूचित करती है कि निर्यात से पूर्व अंडा उत्पाद क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अध्यधीन रहते हुए होंगे।

ख. अंडा उत्पादों का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण, निरीक्षण और मानीटरिंग) नियम, 1997 के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को ऐसे क्वालिटी नियंत्रण, निरीक्षण और मानीटरिंग के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो ऐसे अंडा उत्पादों पर, अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट देशों को, निर्यात से पूर्व लागू होंगे।

ग. विनिर्देशों को मान्यता देना :—

(i) निर्यात निरीक्षण परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य निकायों के मानक तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मानक।

(ii) निर्यातक द्वारा घोषित ऐसे विनिर्देश जो क्रेता और निर्यातकर्ता के मध्य हुए निर्यात करार में तय पाए गए विनिर्देश है परन्तु यह तब जब कि वे उपरोक्त खंड (i) में विनिर्दिष्ट मानकों से निम्न मानकों के न हों;

घ किसी यूनिट द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में, जिसके अन्तर्गत यूरोपियन संघ (ई.यू.) और संयुक्त राज्य अमेरिका (यू.एस.ए.) भी सम्मिलित है, अंडा उत्पाद का निर्यात तब तक प्रतिषिद्ध होगा जब तक कि वह निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7(1) के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों द्वारा अनुमोदित और मानिटर की गयी ऐसी यूनिट द्वारा यह कथन करते हुए एक प्रमाणपत्र के साथ कि अंडा उत्पाद लागू मानकों के अनुरूप है।

13. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं को अंडा उत्पाद के ऐसे वास्तविक नमूनों के भूमि या समुद्र या वायु मार्ग द्वारा निर्यात पर लागू नहीं होगी जिनका मूल्य समय-समय पर आयात-निर्यात नीति में यथा अधिकथित अनुज्ञेय सीमाओं से अधिक नहीं होगा और जहां ऐसा कोई उपबंध नहीं है वहां निःशुल्क नमूनों की मूल्य सीमा 10,000/- रुपए से अधिक नहीं होगी।

14. इस आदेश में, अंडा उत्पादों से अभिप्रेत है :—

अंडों से प्राप्त किया गया वह उत्पाद, जो उसके आवरण और छिल्ली को पृथक करने से, विभिन्न संघटक और मिश्रण से प्राप्त होता है तथा जो मानव उपयोग के लिए आशयित है। वह आंशिक रूप में अन्य खाद्य पदार्थों या संयोजनों द्वारा अनुपूरित हो सकता है, जो सांद्रित, सूखा, क्रिस्टलित, प्रशीतित, द्रुतशीतित या जमे हुए रूप में हो सकता है, बढ़ाया जा सकता है।

[फा. स. 6(1)95-ईआई एण्ड ईपी]

कुमारी सुमा सुब्बण्णा, निदेशक

MINISTRY OF COMMERCE

ORDER

New Delhi, the 4th August, 1997

S.O. 2077.—Whereas, for the development of the export trade of India, certain proposals for subjecting Egg Products to quality control and Inspection prior to export, were published as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964 in the Extraordinary Gazette of Part II, Section, 3 Sub-section (ii) dated 20th February, 1997 under the order of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 130(E) dated 20th February 1997;

2. And, whereas, the objections and suggestions were invited from all persons likely to be affected thereby, within a period of forty five days of the date of publication of the said order in the official Gazette;

3. And whereas, the copies of the said Gazette were made available to the public on 20th day of February, 1997;

4. Whereas, the objections and suggestions received from the public on the said draft have been considered by the Central Government;

5 And whereas, it is necessary to maintain the highest quality standards and stipulate health requirements that would encompass the standards prescribed in European Economic Community (EEC) Directives 89/437/EEC dt. 20-6-1989, the United States Department of Agriculture (USDA) regulations etc.;

6. Whereas, health requirements should be laid down for the production, storage and transport of egg products; whereas, in particular, it is important that rules be laid down governing the approval of establishments;

7. Whereas, it is important also that the health requirements to be met by egg products be laid down;

8. Whereas, it is the responsibility primarily of the processors to ensure that egg products meet the health requirements laid down in this order; whereas, the competent authority must by carrying out quality control, inspection and monitoring see to it that processors comply with the above mentioned requirements; whereas, the rules governing these quality control, inspections and monitoring must take account of the demands of the international market;

9. Whereas, a random check must be made to detect the presence of residues of substances liable to be harmful to human health;

10. And, whereas, provisions should, therefore, be made for procedure for monitoring to ensure the above conditions of equivalence with reference to the requirements of the importing countries;

11. And, whereas, Central Government nominated Competent Authority should ensure the effective compliance of the quality standards in the Country;

12. Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act 1963 (22 of 1963), Central Government after consulting the Export Inspection Council being of the opinion that it is necessary and expedient to do so for the development of the export trade of India, hereby;

(a) notifies that Egg products shall be subjected to quality control, inspection and monitoring prior to export.

(b) specifies the type of quality control, inspection and monitoring shall be in accordance with the Export of Egg products (Quality Control, Inspection and Monitoring) Rules, 1997 as the type of Quality Control, Inspection and Monitoring which shall be applied to such egg products prior to export, to the countries as specified, in the notification.

(c) recognises the specifications :

(i) National and International Standards and standards of other bodies recognised by the Export Inspection Council;

(ii) The specifications declared by the exporter to be the agreed specifications of the export contract between buyer and the exporter, provided that the same are not below the standard specified in clause (i) above.

(d) prohibits the export of Egg products by a unit in the course of International trade which includes European Union (EU) and United States of America (USA) unless it conforms to the standards applicable to it and is accompanied by a certificate stating that such unit is approved and monitored by the Export Inspection Agencies established under Section 7 (i) of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963).

13. Nothing in this order shall apply to the export by land or sea or air of bonafide samples of egg products to prospective buyers, the value of which shall not exceed permissible limits as laid down in Exim Policy from time to time where no such provisions exist the value limit of free sample(s) shall not exceed Rs. 10,000/-.

14. In this order, Egg Products means :—products obtained from eggs, their various components or mixtures thereof man cossumption; they may be partially supplemented by after removal of the shell and membranes, intended for huother foodstuffs or addicts; they may be liquid, concentrated, dried, crystallized, frozen, quick-frozen or coagulated;

[F. No. 6/1/95-EI&EP]

KUM. SUMA SUBBANNA, Director

नई दिल्ली, 4 अगस्त, 1997

का.आ. 2078.—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(क) इन नियमों का संक्षिप्त नाम अंडा उत्पादों का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण तथा मानीटरिंग) नियम, 1997 होगा।

(ख) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

भाग-1 (यूरोपियन संघ (ईयू) को किए गए निर्यात पर लागू)

2. परिभाषाएं.—इस भाग में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होंगी :

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है,

(ख) "अभिकरण" से क्वालिटी नियंत्रण या निरीक्षण अथवा दोनों के लिए धारा 7 के अधीन स्थापित या मान्यता प्राप्त कोई अभिकरण अभिप्रेत है,

(ग) "बैच" से अंडा उत्पाद की वह मात्रा अभिप्रेत है जो समान अवस्थाओं के अन्तर्गत संसाधित की गई हो और जिसे विशेष रूप से माल एक ही सतत से क्रिया में रखा गया हो,

(घ) "प्रमाण-पत्र" से अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (3) के अधीन जारी किया गया ऐसा प्रमाण-पत्र अभिप्रेत है जिसमें यह कथित किया गया है कि वस्तु क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण की शर्तों के अनुरूप है,

(ङ) "सक्षम प्राधिकारी" से कोई भी निर्यात निरीक्षण अभिकरण जो मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली तथा चेन्नई में स्थापित है या कोई भी मान्यता प्राप्त अभिकरण, जो निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त है अभिप्रेत है,

(च) "परेषण" से अंडा उत्पाद की ऐसी मात्रा अभिप्रेत है जो खाद्य उद्योग को अग्रिम-प्रसंस्करण के लिए एक ही गंतव्य पर पहुंचाए गए एकल परिदान के रूप में है या वह सीधे मानव उपभोग के लिए आशयित है,

(छ) "परिषद" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद अभिप्रेत है,

(ज) "गंतव्य देश" से वह देश अभिप्रेत है जिसे भारत से प्रेषित किया जाता है,

(झ) "अंडा उत्पाद" से मानव उपभोग के आशय से अंडे की झिल्ली तथा उसके आवरण को पृथक करने के उपरान्त उससे प्राप्त विभिन्न संघटक या मिश्रण अभिप्रेत है। यह अंशत: अन्य खाद्य पदार्थों या अन्य संयोजनों द्वारा बढ़ाया जा सकता है जो तरल संघटित, सूखा, कणिय, प्रशीतित, तुरन्त प्रशीतित या जमा हो सकता है,

(ञ) "प्रेषक देश" से भारत अभिप्रेत है,

(ट) "संभरणकर्ता निर्यातक" से इस नियम के अधीन निर्यात हेतु अनुमोदित अंडा प्रसंस्करण प्लांट से अंडों की खरीद करने वाला निर्यातक अभिप्रेत है,

(ठ) "उत्पादन फार्म" से अंडा उत्पाद के लिए आशयित अंडे की आपूर्ति करने वाला फार्म अभिप्रेत है,

(ड) "पैकिंग" से अंडा उत्पाद को किसी भी प्रकार के पैकिंग में रखा जाना अभिप्रेत है,

(ढ) "प्लांट" से ऐसा परिसर अभिप्रेत है जहां अंडा उत्पाद प्रसंस्कृत किया जाता है,

(ण) "पेयजल" से ऐसा जल अभिप्रेत है जिसे राज्य स्वास्थ्य प्राधिकारी या अन्य अभिकरण या प्रयोगशाला द्वारा अनुमोदित किया गया है और इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा पीने और खाद्य प्रसंस्करण के लिए उपयुक्त होने के रूप में स्वीकार किया है।

3. अनुसरणीय आधार :— प्रसंस्करणकर्ताओं का यह सुनिश्चित करने का प्राथमिक उत्तरदायित्व होगा कि निर्यात के लिए अंडा उत्पाद को उत्पादन, भण्डारण और परिवहन के समीचरणों में उचित स्वास्थ्यकर अवस्थाओं के अधीन देखरेख व प्रसंस्करित किया गया है जिससे वे इन नियमों के अधीन अधिकथित स्वास्थ्य अपेक्षाओं को पूरा करते हैं और यह कि उत्पाद इस अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा पारित आदेश में दिए गए विनिदेशों के अनुरूप हैं।

सक्षम प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि इस खंड के पैरा 4.18 में विहित नियंत्रण उपायों के अनुसार प्लांट की नियमित मानिटरिंग द्वारा सभी प्रसंस्करणकर्ता अपेक्षाओं का अनुपालन करें। इस योजना की प्रभावी मानिटरिंग के लिए इस संबंध में समय समय पर परिषद द्वारा आवश्यक अनुदेश जारी किए जायेंगे।

4. निर्यात के लिए अंडा उत्पाद निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा :

4.1 किसी राज्य/केन्द्रीय सरकार द्वारा वाणिज्यिक/पर्यावरणीय संरक्षण उपायों के संबंध में जो समय समय पर बताए गए उपायों के सबध में अधिरोपित किसी कानूनी निर्बंधन का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

4.2 वे मुर्गी, बत्तख गुर्गाबी, टर्की, नायना फाउल या बटेर के अंडों से प्राप्त किए गए होने चाहिए, परन्तु यह विभिन्न प्रकार के अंडों का मिश्रण होना चाहिए।

4.3 उनके ऊपर या उनमें स्वत: दूसरे खाद्य पदार्थों के साथ मिलाया जाता है, अंडा अवयवों की प्रतिशतता जो उनमें से, उनके ऊपर अंकित होनी चाहिए।

4.4 उन्हें ऐसे अनुमोदित सयंत्र में संसाधित और तैयार किया गया होना चाहिए जो उपाबन्ध के अध्याय 1 और 2 का अनुपालन करता है तथा इन नियमों की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

4.5 उन्हें उपाबन्ध के अध्याय 3 और 4 में स्वास्थ्यकर परिस्थितियों के अधीन ऐसे अंडों से तैयार किया गया होना चाहिए जो उपाबन्ध के अध्याय 4 में अधिकथित अपेक्षाओं को पूरा करते हैं ।

4.6. उन्हें संसाधन प्रसंस्करण द्वारा तैयार किया गया होना चाहिए जिससे कि वे अन्य बातों के साथ उपबन्ध के अध्याय 6 में अधिकथित विश्लेषण विनिर्देशों को पूरा करें ।

4.7 उनकी उपाबन्ध के अध्याय 8 के अनुसरण में स्वास्थ्य जांच की गई होनी चाहिए ।

4.8 उन्हें उपाबन्ध के अध्याय 7 के अनुसार पैक किया गया होना चाहिए ।

4.9 उनका उपाबन्ध के अध्याय 9 और 10 के अनुसार भंडारकरण और परिवहन किया गया होना चाहिए ।

4.10 उन पर उपाबन्ध के अध्याय 9 के अनुसरण में स्वास्थ्य-प्रदत्ता का चिह्न लगा होना चाहिए और जहां उनका सीधे मानव उपयोग किया जाना है, खाद्य पदार्थों को लेबल लगाने, उनके प्रस्तुतीकरण और विज्ञापन के संबंध में जैसाकि अन्तिम बार उन्हें निदेश 86/197/ईईसी द्वारा संशोधित किया गया है, अन्तिम उपभोक्ता को विक्रय के संबंध में परिषद के निदेश 79/112/ईईसी तारीख 18 दिसम्बर, 1978 की अपेक्षाओं को पूरा करना चाहिए ।

4.11 उपाबन्ध के अध्याय 6 में उपवर्णित विश्लेषण विनिर्देशन के अनुसार नमूनों को प्रयोगशाला जांच हेतु ले जाया जाएगा ।

4.12 उपाबन्ध के परिशिष्ट 9 व 10 में उल्लिखित अंडा उत्पाद जो परिवेशी तापमान पर नहीं रखा गया है उसका भण्डारण और परिवहन नियत तापमान पर किया जाएगा ।

4.13 जिसके लिए अंडा उत्पाद संरक्षित किया जाएगा, प्रसंस्करणकर्ता द्वारा उस अवधि का बीमा कराया जाएगा ।

4.14 विभिन्न जांच और परीक्षण के परिणाम अभिलिखित किए जायेंगे और सक्षम प्राधिकारी को, प्रस्तुतिकरण के के लिए 2 वर्ष तक रखे जाएंगे ।

4.15 ऐसे पदार्थों के अवशेषों का पता लगाया जाएगा भेषजीय या हार्मोनीय तथा एंटीबायोटिक, कीटनाशी, अपमार्जक तथा ऐसे अन्य पदार्थ हैं जो हानिकारक हैं या जो अंडा उत्पाद के जैवीय गुणों को बदल सकते हैं और उनके उपभोग को मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक या हानिकारक बना सकते हैं ।

4.16 यदि अंडा उत्पादन के परीक्षण से यह पाया गया है कि अनुज्ञेय नियत स्तर से अधिक अवशेष हैं तो उनका प्रयोग खाद्य पदार्थों के विनिर्माण या सीधे तौर पर मानव उपभोग में अनुज्ञेय नहीं होना चाहिए ।

4.17 अवशेषों की जांच सिद्ध और वैज्ञानिक तौर पर मान्यता प्राप्त रीतियों के अनुसार होनी चाहिए ।

4.18 इसका समाधान होने पर कि प्लांट क्रिया कलापों यदि किए जाते उनकी प्रकृति से संबंधित अपेक्षाओं की पूर्ति करता है, सक्षम प्राधिकारी को ऐसे प्लांट को अनुमोदन प्रदान करेगा ।

4.19 सक्षम प्राधिकारी प्रसंस्करण प्लाटों के अनुमोदन के मामले में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) और विपणन और निरीक्षण निदेशालय (डीएमआई) तथा उद्योगों में से एक एक प्रतिनिधि से सहायता ले सकेगा ।

4.20 सक्षम प्राधिकारी अनुमोदित प्लाटों की सूची तैयार करेगा जिसमें प्रत्येक में एक शासकीय संख्यांक होगी और सक्षम प्राधिकारी अनुमोदित प्लाटों की एक सूची तथा उसमें फेरबदल भी समुचित प्राधिकारियों को भेजेगा ।

4.21 निरीक्षण तथा प्लाट और पैकिंग केन्द्रों के मानीटरिंग सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमित रूप से किया जाएगा । जो प्लाटों के सभी भागों में निर्बाध रूप से जा सकेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि नियमों का पालन किया जा रहा है ।

भाग II—संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) पर लागू

1. परिभाषा : इस आदेश के प्रयोजन के लिए, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होंगी :—

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है ।

(ख) 'स्वीकार्य' से सक्षम प्राधिकारी द्वारा आशयित प्रयोजन के लिए उचित और स्वीकार्य अभिप्रेत है ।

(ग) 'अभिकरण' से धारा 7 के अधीन स्थापित या मान्यता प्राप्त क्वालिटी नियंत्रण या निरीक्षण या दोनों के लिए कोई अभिकरण अभिप्रेत है ।

(घ) आवेदक से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो इन नियमों के अधीन या इस भाग के विनियमों के अधीन निरीक्षण, सेवा के लिए निवेदन करता है ।

(ङ) 'मानव खाद्य के रूप में उपयोग किए जाने योग्य' में कोई भी अंडा उत्पाद अभिप्रेत है जब तक कि वह विकृत न हो या अन्यथा मानव खाद्य के रूप में इसके उपयोग के लिए अन्य रूप में परिवर्तित या बिगड न गया हो ।

(च) 'प्रमाण पत्र' से अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (3) के अधीन जारी प्रमाण पत्र अभिप्रेत है जिसमें यह उल्लिखित हो कि पदार्थ क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण की शर्तों के अनुरूप है ।

(छ) 'सक्षम प्राधिकारी' से मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली और मद्रास में स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक या कोई भी

अभिकरण जो निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त कोई एक अभिकरण अभिप्रेत है।

(ज) 'अवस्था' से किसी भी उत्पाद की कोई भी अवस्था जिसमें परिरक्षण की स्थिति सफाई स्वास्थ्यगत प्रदत्ता या मानव उपभोग के लिए उचित होना सम्मिलित है किन्तु उसी तक सीमित नहीं है अभिप्रेत है जो इसकी व्यापारिकता या किसी अन्य अवस्था जिसमें ऐसे उत्पाद के प्रसंस्करण, संभालने और पैकिंग सम्मिलित है किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं है, को प्रभावित करेगी।

(झ) 'कंटेनर या पैकेज' में कोई भी डिब्बा, केन, टिन, प्लास्टिक या अन्य संबंधित आधान रैपर या ढक्कन सम्मिलित है।

(ञ) 'परिषद' से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद अभिप्रेत है।

(ट) 'संभरणकर्ता निर्यातक' से इस नियम के अधीन निर्यात हेतु अनुमोदित अंडा प्रसंस्करण प्लांट से अंडों की खरीद करने वाला निर्यातक अभिप्रेत है।

(ठ) 'अंडा उत्पाद' से मानव उपयोग के आशय से अंडे की झिल्ली तथा उसके जो अंडों के उत्पाद से प्राप्त किए जाते हैं के आवरण को पृथक करने के उपरान्त उससे प्राप्त विभिन्न संघटक या मिश्रण अभिप्रेत हैं, यह अंशतः अन्य खाद्य पदार्थों या अन्य संयोजनों द्वारा बढ़ाया जा सकता है जो तरल संघटित, सूखा कणिय, प्रशीतित, तुरन्त प्रशीतित या जमा हुआ हो सकता है।

स्पष्टीकरण : उपरोक्त अंडा उत्पाद की परिभाषा में प्रशीतित सूखे उत्पाद, कृत्रिम अंडा उत्पाद, अंडा अनुकल्प, पोष्टिक खाद्य, सूखे बिना पकाए हुए कस्टर्ड मिश्रण, अंडा चिप्पड मिश्रण, आमलीय मसाला, नूडल, दूध और अंडा मिश्रण, केक मिश्रण, फ्रेंच टोस्ट और अंडों या अंडा उत्पाद के सैंडविच सम्मिलित नहीं होंगे। बुलट और इससे मिलते जुलते अन्य प्रमाणित स्वाद भी इसमें सम्मिलित नहीं होंगे।

(ड) 'उष्मामापक अस्वीकृत' से ऐसा अंडा अभिप्रेत है जिसे उष्मायक में रखा गया है किन्तु उसे अंडा सेने की प्रक्रिया के दौरान असंचित अंडे या अधूरे अंडों के रूप में सेने की प्रक्रिया से निकाल दिया गया है।

(ढ) 'लेबल' से पोत कंटेनर या अध्यहित कंटेनर पर, यदि कोई है पहचान के रूप में कोई छपा हुआ, ग्राफिक या अन्य कोई प्रणाली का प्रदर्शन अभिप्रेत है।

(ण) 'पेस्टोराइज्ड' से अंडा उत्पाद के प्रत्येक कण को ऊष्म करना या उसके सूक्ष्म जीवन समरूप से हानिकारक पदार्थ को ऐसी किन्हीं अन्य प्रणालियों द्वारा नष्ट करना जो इन विनियमों में निहित है अभिप्रेत है।

(त) 'प्लांट' से कोई ऐसा परिसर अभिप्रेत है जहां अंडा उत्पाद को प्रसंस्कृत किया जाता है।

(थ) 'पेय जल' से ऐसा जल अभिप्रेत है जिसे राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण या अन्य अभिकरण या किसी ऐसी प्रयोगशाला द्वारा अनुमोदित किया है और वह सक्षम प्राधिकारी को सुरक्षित पेय और उपयुक्त खाद्य संसाधन के रूप में स्वीकार्य है।

(द) 'संसाधन' से अंडा उत्पाद का विनिर्माण अभिप्रेत है इसमें टूटे अंडे या फिल्टरिंग (छानन) मिश्रण, छोलन, पैस्टोराइजिंग, स्थिरता प्रशीतित, हिम शीतित या सुखाए या पैकेजिंग अंडा उत्पाद प्लांट जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित है सम्मिलित है।

(ध) 'नमूना' से किसी उत्पाद का निरीक्षण या विश्लेषण के लिए नमूना लिया जाना अभिप्रेत है।

(न) 'स्वच्छ करना' से कोई जीवाणुनाशी उपचार अभिप्रेत है जो सूक्ष्म जीवाणुओं को नष्ट करने के लिए प्रभावी रूप में अनुमोदित है, जिनमें रोगाणु सम्मिलित हैं।

(प) 'संवहन आधान' से ऐसा आधान अभिप्रेत है जो किसी उत्पाद के पैकिंग के उपयोग में आता है।

(फ) 'स्थिरीकरण' से किसी अंडा उत्पाद का शर्करारहित संसाधन अभिप्रेत है।

(ब) 'श्वेत या श्वेतक' से इस भाग के प्रयोजन के लिए ऐसा उत्पाद अभिप्रेत है जो किसी अंडे के आवरण को तोडकर और उसे जरदी से अलग करके प्राप्त किया जाता है।

2. अनुपालन का आधार

प्रसंस्करणर्ता का यह प्रारंभिक दायित्व होगा कि वह यह सुनिश्चित करें कि निर्यात के आशय से अंडा उत्पाद की संभाल और प्रसंस्करण, उत्पादन, भण्डारण और परिवहन के प्रत्येक स्तर पर उचित स्वास्थ्यकर अवस्थाओं में किया गया है और यह इन नियमों में अधिकथित स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करता है तथा यह कि उत्पाद अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा आदेश में किए गए विनिर्देशों के अनुरूप है।

सक्षम प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि इस भाग के पैरा 3.4 में विहित नियंत्रण उपायों के अनुसार सभी प्रसंस्करणकर्ता प्लांट की नियमित मानीटरिंग करके अपेक्षाओं की पूर्ति करते है। इस योजना की प्रभावी मानीटरिंग के लिए, इस विषय में परिषद आवश्यक अनुदेश जारी करेगी।

3. निर्यात के लिए अंडा उत्पाद निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा :

IndiaCode

3.1 किसी भी राज्य केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी वाणिज्य पर्यावरणीय संरक्षण उपायों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

3.2 उन्हें इस भाग के अध्याय 12 में अधिकथित सफाई, संसाधन और सुविधा अपेक्षाओं का पालन करना चाहिए।

3.3 उन्हें इस भाग के अध्याय 13 में अधिकथित अंडा उत्पाद के लिए पहचान और चिह्नन का पालन करना चाहिए।

3.4 सक्षम प्राधिकारी का यह समाधान होने पर कि प्लांट उसमें की जाने वाली गतिविधियों की प्रकृति को संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करता है, वह ऐसे प्लांट को अनुमोदित करेगा।

3.5 सक्षम प्राधिकारी प्रसंस्करण प्लांटों के अनुमोदन के मामले में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकारी (एपीडा) और विपणन और निरीक्षण निदेशालय (डीएमआई) तथा उद्योग में से एक-एक प्रतिनिधि से सहायता ले सकेगा।

3.6 सक्षम प्राधिकारी अनुमोदित प्लांटों की एक सूची तैयार करेगा जिसमें से प्रत्येक को शासकीय संख्यांक दिया जाएगा और सक्षम प्राधिकारी अनुमोदित प्लांटों की अपनी सूची और उसमें पश्चातवर्ती परिवर्तन को समुचित प्राधिकारियों को अधिसूचित करेगा।

प्लांट की नियमित निरीक्षण व मानीटरिंग और पैकिंग सैंटर्स का नियमित रूप से सक्षम प्राधिकारी निरीक्षण करेंगे जो यह सुनिश्चित करने के लिए नियमों का पालन किया गया है कि वह हर समय प्लांट के सभी भागों का मूल्यांकन करेंगे।

3.7 प्लांट और पैकिंग केन्द्रों का निरीक्षण और मानीटरिंग सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमित रूप से किया जाएगा। वह प्लांटों के सभी भागों में निर्बाध रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए जा सकेगा कि इन नियमों का पालन किया जा रहा है।

4. प्रमाणीकरण : प्लांट एकक के अनुरोध पर सक्षम प्राधिकारी अपना यह समाधान हो जाने पर कि सुसंगत अपेक्षाओं की पूर्ति करने के उपरान्त प्लांटों को विधिमान्य अनुमोदन संख्यांक प्राप्त है, विहित रूप में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी करेगा।

4.1 सक्षम प्राधिकारी संसाधनकर्ता या निर्यातिकर्ता के अनुरोध पर अपना यह समाधान हो जाने पर कि सुसंगत मानकों की अपेक्षाएं पूरी कर दी गयी हैं, कोई अन्य प्रमाण पत्र भी जारी करेगा।

5. फीस :

5.1 अंडा संसाधन प्लांट के अनुमोदन के लिए इन नियमों के खंड 4.18 और 4.4 के अनुसार आवेदन के साथ संसाधनकर्ता द्वारा रु. 2000/- का संदाय फीस के रूप में किया जाएगा।

5.2 निर्यातित अथवा निर्यात संभरणकर्ता अंडा प्रसंस्करण प्लांट के उपरोक्त अनुमोदित नियम 5.1 के अनुसार सक्षम प्राधिकरण को प्रसंस्करणकर्ता द्वारा 0.2 प्रतिशत की दर से एफ.ओ.बी. मूल्य की दर से शुल्क सदत्त किया जाएगा।

टिप्पण : संभरणकर्ता/निर्यातिकर्ता द्वारा सुदेय प्रत्येक परेषण के लिए फीस की राशि के रुपए के निकटतम तक पूर्णांकित किया जाएगा और इस प्रयोजन के लिए जहां ऐसी राशि में रुपए का भाग सम्मिलित है वहां, यदि ऐसा भाग 50 पैसे या अधिक है, इसमें एक रुपए की वृद्धि कर दी जाएगी और यदि ऐसा भाग 50 पैसे से कम है तो इसे छोड़ दिया जाएगा।

7. अपेक्षा पूरी नहीं किए जाने की दशा में सक्षम प्राधिकारी उपाय करेगा।

7. अपील .

7.1 कोई भी व्यथित व्यक्ति,

(i) नियम 4.18 (भाग-I) और नियम 3.4 (भाग-II) के अनुसार अनुमोदन के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी का विनिश्चय नहीं होने की दशा में,

(ii) इस अधिसूचना के नियम 4 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने से इंकार करने पर,

(iii) इस अधिसूचना के नियम 7 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन को वापिस लेने के लिए विनिश्चय की दशा में,

7.2 अपीली प्राधिकारी में कथित कोई भी व्यक्ति ऐसे विनिश्चय की प्राप्ति के 10 दिन के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त अपीली प्राधिकारी को अपील कर सकेगा।

7.3 इस प्रयोजन के लिए, केन्द्रीय सरकार द्वारा अपीली प्राधिकरण में पांच सदस्य नियुक्त होंगे।

7.4 अपीली प्राधिकरण की कुल सदस्यता का कम से कम दो तिहाई गैर-सरकारी सदस्य होंगे।

7.5 अपील प्राधिकरण की किसी भी बैठक की गणपूर्ति तीन से होगी।

7.6 अपील का निपटारा उसकी प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा।

अध्याय I

अनुमोदन और प्रचालन की सामान्य शर्तें

I. प्रतिस्थापन के पास कम से कम निम्नलिखित होना आवश्यक है :

1. अब क्षेत्रों में जहां अंडों का भंडारण और अंडा उत्पाद का विनिर्माण या भंडारण किया जाता है :—

1.1 जल सहय पर्ण जो आसानी से साफ और संदूषित किया जा सके व सडन रहित हो तथा इस प्रकार का होना चाहिए कि उसकी नाली में पानी की निकासी की सुविधा हो, पानी की

निकासी के मार्ग में नाली की ओर होना चाहिए जिसमें ग्रेटिंग तथा ट्रैप लगे हों जो बदबू को दूर कर सके।

1.2 दीवारें चिकनी, टिकाऊ, अभेद्य और हल्के रंग वाली दो मीटर तक धोयी जा सकने वाली परत चढ़ी हुई और भंडारण के लिए ठंडा या प्रशीतित करने के कक्ष के कम से कम भंडारण की ऊंचाई तक धोने वाली परतदार दीवारें होनी चाहिए, दीवारें व फर्श जहां मिलते हों वह गोलाई लिए हुए या इस प्रकार बनी होनी चाहिए जिससे उन्हें साफ करने में आसानी हो।

1.3 दरवाजों की सामग्री इस प्रकार की होनी चाहिए कि जिसका कोई भाग विकृत न हो और यदि लकड़ी की हो तो उसके दोनों तरफ चिकनी व अभेद्य आवरण होना चाहिए।

1.4 छत ऐसी होनी चाहिए जो कि आसानी से साफ की जा सके और जिसका निर्माण इस प्रकार का होना चाहिए कि धूल मिट्टी को इकट्ठा होने से रोक सके व टीलों का बनना, रंग रोगन का उतरना रोका जा सके और वहां पर भाप का जमाव न हो।

1. 1.5 पर्याप्त वायु संचालन हो, और यदि आवश्यक हो, तो अच्छे प्रतिपारिक निष्कर्षण लगे हों;

1.6 पर्याप्त प्राकृतिक या कृत्रिम प्रकाश की व्यवस्था।

1.7 जहां तक संभव हो कार्यस्थल के पास पर्याप्त संख्या में गर्म पानी से उपकरण हों, हाथों को साफ व रोगाणुमुक्त करने की सुविधाएं होनी चाहिये। नल हाथों से या बाहों से संबंधित नहीं होने चाहिये, हाथों को साफ करने के लिये चलते हुए गर्म पानी/ठंडे पानी की सुविधा होनी चाहिये या पहले से उपयुक्त तापमान पर मिश्रित पानी उपलब्ध हो, जो उत्पादों को रोगाणुमुक्त और साफ करने के लिये हों और हाथ साफ करने वाले तौलिये एक बार प्रयोग किए जाने चाहिये। औजारों को रोगाणुमुक्त करने की सुविधायें होनी चाहिये।

2. परिवर्तनशील कमरे की समुचित संख्या हो जिसमें चिकने, अभेद्य और धोई जा सकने वाली दीवारें और फर्श, धावन पात्र, स्वक्षालन शौचालय होने चाहिये। इनका बहाव सीधे कार्यस्थल की ओर नहीं होना चाहिये। धावन पात्रों में बहता हुआ गर्म और ठंडा पानी या उपयुक्त तापमान पर पहले से मिलाया हुआ पानी होना चाहिये, हाथों को साफ करने के लिये व रोगाणुमुक्त करने के लिये सामग्री होनी चाहिये, छोटे तौलिये केवल एक बार उपयोग किये जाने के लिये होने चाहिये। धावन पात्र के नल हाथों से प्रचालित किये जाने वाले नहीं होने चाहिये। शौचालयों के निकट पर्याप्त संख्या में धावन पात्र होने चाहिये।

3. स्थिर और गतिशील आधानों और टंकियों को साफ करने और रोगाणुमुक्त करने के लिये एक अलग क्षेत्र और पर्याप्त सुविधायें होना चाहिये। तथापि यह क्षेत्र और यह सुविधायें उस दशा में आवश्यक नहीं होगी यदि उन आधानों और टंकियों को साफ करने और रोगाणुमुक्त करने की व्यवस्था किन्हीं अन्य केन्द्रों पर की गई है।

4. पेयजल प्रदाय करने की सुविधायें, कच्चे पानी की पूर्ति, वाष्प उत्पादन अग्निशयन और रेफ्रिजरेशन उपकरणों को ठंडा करने के लिये प्राधिकृत है, परन्तु इस प्रयोजन से लगाये गये पाइपों से अन्य प्रयोजनों के लिये जल का प्रयोग वर्जित होगा और अंडा उत्पाद को संक्रमण का कोई जोखिम नहीं होगा, ऐसी भाप और संबद्ध जल अंडे के संपर्क में नहीं आयेंगे या साफ किये जाने के लिये या रोगाणुमुक्त डिब्बे प्लांट या उपकरण जो अंडा उत्पाद के संपर्क में है उनके संपर्क में नहीं आयेंगे, कच्चे पानी को ले जाने वाले पाइपों को पीने योग्य जल से अलग रखा जायेगा।

5. किटाणुओं जैसे कीड़े और मकोड़े से सुरक्षित रखने के लिये समुचित उपकरण होंगे।

6 उपकरण, कपलिंग और उपस्कर या उनकी सतह, जो अंडा उत्पाद के संपर्क में आयेगी वह चिकनी सामग्री की बनी होनी चाहिये जिसको आसानी से साफ किया जा सके और धुलाई तथा रोगाणुमुक्त किया जा सके जंग के प्रभाव से मुक्त तथा अंडा उत्पाद को ऐसे पदार्थ, इतनी मात्रा में अंतरित न करने वाला हो, जो मानव स्वास्थ्य को खतरा पैदा न करे, अंडा उत्पाद की संरचना में हानि पहुंचाये या उनके जोखिम गुणों को विपरीत रीति में प्रभावित करे।

अध्याय—II

प्लांट के अनुमोदन के लिये विशेष शर्तें

अध्याय–1 में उल्लिखित सामान्य शर्तों के अतिरिक्त प्रति स्थापना में निम्नलिखित होना चाहिये।

1. अंडों और परिष्कृत अंडा उत्पाद के लिये उचित और अलग भंडारण कक्ष जहां अंडा उत्पाद की रेफ्रिजरेशन में उचित तापमान पर रखा जा सके। प्रशीतित गृह में थर्मामीटर लगा होना चाहिये या रिमोट रिकार्डिंग थर्मामीटर होना चाहिए।

2. जहां प्रदूषित अंडों का प्रयोग होता है, वहां उन्हें धोने और रोगाणुमुक्त करने की सुविधायें होनी चाहिये, उत्पादों की सूची जो इन्हें रोगाणुमुक्त करने के लिये प्राधिकृत है, बनाई जानी चाहिये।

i. अंडों को तोड़ने के लिये उनके अंतर्वस्तुओं को प्राप्त करने के लिये तथा उनके भाग और छिल्ली को प्रकार करने के लिये एक विशेष कक्ष उपयुक्त सुविधाओं के साथ होना चाहिये।

ii. उपरोक्त रंग में निर्दिष्ट के अलावा अन्य संचालन के लिये एक पृथक कक्ष होना चाहिये, जहां अंडा उत्पाद पेस्चुराइज्ड है, पेस्चुराइजेशन जैसा कि पूर्वत रंग में निर्दिष्ट है, कक्ष होना चाहिये यदि प्रतिस्थापना के पास बंद

पंस्कूराइजेशन पद्धति है और अन्य मामलों में पेस्चुराइजेशन प्रक्रिया को पृथक रूप में पृथक कक्ष में (जैसाकि रंग में निर्दिष्ट है) किया जाना चाहिये, अन्य मामलों में अंडे उत्पाद को प्रदूषित होने से बचाने के लिये पेस्चुराइजेशन के उपरान्त प्रत्येक सावधानी बरती जानी चाहिये।

4. अंडा अंश को संयंत्रों में ले जाने के लिये उपयुक्त सुविधायें हों।

5. इन नियमों में उपबंधित के अनुरूप, अंडा उत्पाद के संसाधन के लिये सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित उपस्कर हो, जो कम से कम निम्नलिखित के साथ होने चाहिये।

(i) पेस्चुराइजेशन से संबंधित मामलों में :
—स्वचालित तापमान नियंत्रण
—रिकार्डिंग तापमापक
—स्वचालित सुरक्षात्मक उपकरण जो अपर्याप्त ऊष्मा का प्रतिरोधक हो

(ii) निरंतर पैस्चुराइजेशन प्रणाली के मामले में उपस्कर में निम्नलिखित उपकरण भी लगाये जायेंगे

—पर्याप्त सुरक्षात्मक प्रणाली जो अपूर्ण पेस्चुराइज्ड उत्पाद के साथ पस्चुराइजेशन अंडा उत्पाद का मिश्रण होने से बचायेगा
—स्वचालित सुरक्षात्मक रिकार्डिंग उपकरण जो उपरोक्त का मिश्रण होने से रोक सके।

6. खाद्य पदार्थ और उसके संयोजक के भंडारण के मिश्रण के लिये पृथक कक्ष।

7. जहां उत्पाद प्रयोजन आधानों में पैक किया जाता है यदि आवश्यक हो ऐसे आधानों और उनके विनिर्माण में आने वाली कच्ची सामग्री के भंडारण के लिए एक समुचित एवं पृथक क्षेत्र होना चाहिए।

8. अंडा छिलकों का तात्कालिक रूप से हटाने के लिए सुविधायें होनी चाहिए तथा अंडे और अंडा उत्पाद जो मानव उपभोग के लिये उन्हें तुरन्त हटाने और उन्हें पृथक रखने की सुविधायें होनी चाहिए।

9. अंडा उत्पाद की स्वास्थ्यकर पैकिंग के लिये उपयुक्त उपस्कर होने चाहिये।

10. इन नियमों की अपेक्षानुसार कच्ची सामग्री और अंडा उत्पाद का विश्लेषण और उसकी जांच की जानी चाहिए, प्लांट में उपयुक्त प्रयोगशाला होनी चाहिए, यदि नहीं है, तो इन अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाली प्रयोगशाला की सेवायें ली जानी चाहिए, पश्चात् वर्ती के मामले में वह तदनुसार सक्षम प्राधिकारी को सूचित करें।

11. जहां अपेक्षित हो, प्रशीतित अंडा उत्पाद को गलाने के लिये उचित उपस्कर होने चाहिये और अनुमोदित प्लांट में उसको संसाधन तथा आगे संभाल होनी चाहिए।

12. साफ और रोगाणुमुक्त उत्पाद के भंडारण के लिये पृथक कक्ष होना चाहिए।

अध्याय—3

परिसर उपकरण और प्लांट के कर्मचारियों से संबंधित स्वास्थ्यकर अपेक्षायें

कर्मचारी परिसर और उपस्करों की सफाई के लिये उच्चतम स्तर अपेक्षित हैं :—

1. जो कर्मचारी अंडा उत्पाद की संभाल और उसे संसाधित करेंगे व विशेष रूप से स्वच्छ कार्य करते समय पहनने वाले वस्त्र पहनेंगे और सिर पर टोपी लगायेंगे। इन को कार्य आरम्भ करने समय और कार्य के विशेष सत्र में हाथों को कीटाणुमुक्त करने के लिए बार-बार हस्त प्रक्षालन करना होगा। जहां अंडा उत्पाद का संसाधन और भंडारण किया जाता है वहां पर धूम्रपान, खाना, थूकना और चबाना निषेध होगा।

2. कोई भी पशु प्लांट के अंदर प्रवेश नहीं करेगा, कोई भी कीड़े मकौड़े और कोई अन्य कीटाणु यदि पाये जायेंगे तो उनको अच्छी प्रकार से नष्ट कर दिया जायेगा।

3. अंडा उत्पाद से संबंधित कार्य में प्रयोग होने वाले परिसर, उपकरण और उपस्कर हैं स्वच्छ और अच्छी अवस्था में रखे जाने चाहिये। उपकरण और उपस्कर, यदि आवश्यक हों कार्य दिवस के दौरान दिन का कार्य समाप्त होने पर और यदि वे मिट्टी पर पड़े हैं तो दुबारा प्रयोग करने से पहले सावधानी से अनेक बार साफ और कीटाणुमुक्त किये जाने चाहिये। अंडा उत्पाद को ले जाने के लिये ढकी हुई पाइप लाईन प्रणाली की व्यवस्था होनी चाहिये जिससे ऐसी समुचित सफाई प्रणाली हो जो यह सुनिश्चित करेगी कि उसके सभी भाग सफाई और रोगाणुमुक्त हैं। पाइपों को सफाई और रोगाणुमुक्त करने के पश्चात् साफ पानी से खंगालना चाहिये।

4. सक्षम प्राधिकारी से अनुज्ञा लेने के पश्चात् अन्य खाद्य पदार्थों को प्रसंस्करण के सिवाय, चाहे यह साथ न हो या भिन्न समय पर, परिसर, उपकरण और उपस्कर अंडा उत्पाद को संसाधन करने के अतिरिक्त और किसी भी प्रयोग में नहीं लाना चाहिये। परन्तु प्रदूषित होने से रोकने के लिये सभी उपयुक्त उपाय अपनाये जाने चाहिये या इन नियमों के अन्तर्गत उत्पन्न में विपरीत बदलावों से संबंधित उपाय करने चाहिये।

5. पेय जल सभी उद्देश्यों के लिये प्रयोग किया जाना चाहिये तथापि अपेयजल अपवाद स्वरूपमामलों में भाप उत्पादन के लिये प्रयोग किया जाना चाहिये बशर्ते कि

इसके लिये लगाये गये पाइप अन्य उद्देश्यों के लिये इनमें जल का प्रयोग नहीं होने देते और इसमें अंडों या अंडा उत्पाद को किसी प्रकार का संदूषण नहीं होगा। इसके अतिरिक्त अपेय जल का प्रयोग, रेफ्रिजरेशन उपस्कर को ठंडा करने के अपवादात्मक मामलों में किया जा सकता है। अपेय जल पाइप पेय जल पाइपों से स्पष्ट तथा अलग होनी चाहिये।

6. साफ करने वाले पदार्थ, रोगाणुमुक्त करने वाले पदार्थ और दूसरे पदार्थों का प्रयोग और भंडारण इस प्रकार से होना चाहिये कि उपस्कर, उपकरण और अंडा उत्पादों पर उनका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उपकरणों और उपस्करों पर इनके प्रयोग के बाद उनको पेय जल से अच्छी प्रकार से खंगालना चाहिये।

7. ऐसे व्यक्ति जो संदूषितकरण के संभव स्रोत हो सकते हैं, उनको अंडों या अंडा उत्पादों या उनके रख रखाव से संबंधित कार्य करने की अनुमति नहीं होनी चाहिये।

8. कोई भी व्यक्ति जिसको अंडों या अंडा उत्पादों के कार्य में लगाया गया है उसको स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। स्वास्थ्य प्रमाणपत्र का प्रति वर्ष नवीनीकरण कराना चाहिये जब तक कि उसी प्रकार की गारंटी देने वाली दूसरी कर्मचारी चिकित्सा जांच योजना को सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता न दे दी गई हो।

अध्याय—4

अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये अंडों से संबंधित अपेक्षायें

1. अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये प्रयोग किये गये अंडों को उचित पैकिंग में रखना चाहिये।

2. (i) अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये केवल उष्मायित्र में रखे बिना ऐसे अंडे प्रयोग किये जाने चाहिये जो मानव उपभोग के लिये उचित हो। उनको पूर्णतः विकसित और बिना तोड़-फोड़ के होना चाहिये।

(ii) उपरोक्त (i) के अल्पीकरण के द्वारा अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये टूटे हुए अंडे प्रयोग में लाये जा सकते हैं बशर्ते वे अनुमोदित प्लांट को जहां उन्हें जल्दी से जल्दी तोड़ा जायेगा, उत्पादन फार्म द्वारा सीधे भेजे गये हों।

3. अंडा और अंडा उत्पाद, जो मानव उपभोग के लिये अनुपयुक्त है, उनको हटा लेना चाहिये और उनको ऐसी रीति से विकृत किया जाना चाहिये ताकि वे मानव उपभोग के लिये पुनः प्रयोग न हो सके। उन्हें अध्याय–2 के बिन्दु 8 की व्यवस्थानुसार तुरन्त कमरे में रखा होना चाहिये।

अध्याय–5

अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये विशेष स्वास्थ्यकर अपेक्षायें

सभी प्रक्रियायें इस प्रकार से की जानी चाहियें ताकि अंडा उत्पाद के उत्पादन संभाल और भंडारण के दौरान किसी प्रकार के संदूषण से बचा जा सके और विशेष रूप से निम्नलिखित किया जाना चाहिये।

1. अंडा और अंडा उत्पाद का अनुमोदित प्लांट में आगे के संसाधन के लिये अध्याय 2 के बिन्दु 1 में बताये गये कमरों में पहुंचते ही उनका संसाधन होने तक तुरन्त भंडारण किया जाना चाहिये। इन कक्षों का तापमान इतना होना चाहिये जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे संदूषित नहीं है। अंडे के छिलकों को सीधे रूप में फर्श पर नहीं रखनी रखनी चाहिये।

2. अंडों को पैक नहीं किया जाना चाहिये और यदि आवश्यक हो, तो उनको उस कमरे में धोना चाहिये और रोगाणुमुक्त कर लेना चाहिये जो अंडा तोड़ने वाले कक्ष से पृथक होगा। पैकिंग सामग्री को अंडा तोड़ने वाले कक्ष में नहीं ले जाना चाहिये।

3. अंडों को अध्याय 2 के बिन्दु 3(i) में बताये गये कमरे में ही तोड़ना चाहिये। अध्याय 4 के बिन्दु 2(ii) में उल्लिखित अनुसार टूटे अंडों का संसाधन बिना किसी देरी के करना चाहिये।

4. गंदे अंडों को तोड़ने से पूर्व साफ कर लेना चाहिये। यह कक्ष अंडे तोड़ने वाले कक्ष से या किसी ऐसे कक्ष से जहां खुले अंडों की अर्न्तवस्तु रखी जाती है, पृथक होगा। सफाई प्रक्रिया इस प्रकार की होनी चाहिये ताकि अंडे की अर्न्तवस्तुओं को संदूषण और मिलावट से बचाया जा सके। अंडों के छिलके तोड़ने समय पर्याप्त सूखे होने चाहिये जिससे अंडे की अर्न्तवस्तुओं को साफ करने वाले जल की गन्दगी से होने वाली मिलावट से बचाया जा सके।

5. मुर्गी या टर्की या गोइना फालके अंडों से भिन्न अंडों की संभाल और संसाधन पृथक रूप से करनी चाहिये। जब मुर्गी, टर्की, गोइना, फालके के अंडों का संसाधन करना हो तो सभी उपस्कर साफ और कीटाणुरहित होने चाहिए।

6. अंडों को तोड़ने की प्रक्रिया, चाहे किसी भी प्रकार की प्रक्रिया अपनाई गयी हो, इस प्रकार की होनी चाहिये जिससे कि अंडों के तत्वों को संभावित संदूषण से बचाया जा सके। इसके लिये अंडों के तत्व को सेंट्रीफ्यूगेशन या उन्हें तोड़कर प्राप्त नहीं करना चाहिए और या खाली खोलों से अंडे की सफेदी के अवशेषों को सेन्ट्रीफ्यूगेशन से भी प्राप्त नहीं करना चाहिए जहां तक संभव हो सके खोलों के अवशेषों

IndiaCode

या क्षिल्लियों को अंडे उत्पाद से अलग रखना चाहिए और अध्याय–6 के बिन्दु 2(ii) में विनिर्दिष्ट मात्रा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

7. अंडे उत्पाद को तोड़ने के उपरान्त जहां तक संभव हो सके सभी संक्रामक प्रत्येक अंश को समाधित किया जाना चाहिए। ताप संसाधन, जिसमें अंडा उत्पाद को किसी विद्यमान पेथोजेनिक ओरगेनिज्म को हटाने के लिए समुचित अवधि तक, समुचित ताप दिया जाना सम्मिलित है, दिया जाना चाहिए। ताप संसाधन के दौरान तापमान सतत रूप से रजिस्टर किया जाना चाहिए। प्रत्येक बैच के साथ किए गए संसाधन का अभिलेख दो वर्ष के लिए सक्षम प्राधिकारी के निपटान हेतु रखा जाना चाहिए। प्रत्येक अपर्याप्त रूप से संसाधित किए गए बैच को तुरन्त उसी प्लांट में पुनः संसाधित अंडा उत्पाद मानव उपभोग के लिए उचित हो। यदि यह मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाया जाए तो उसे अध्याय–4 के बिन्दु 3 के अनुसार नष्ट कर देना चाहिए।

8. यदि तोड़ने के उपरान्त तुरन्त उनका संसाधन नहीं किया जाता है तो अंडे के तत्वों को संतोषप्रद स्वास्थ्यकर परिस्थितियों में भंडारण कर देना चाहिए या तो उनको प्रशीतित या चार डिग्री सेल्सियस से अनधिक तापमान पर रखा जाना चाहिए। शर्करा रहित अवयवों के मामले को छोड़कर, चार डिग्री सेल्सियस पर भंडारण 48 घंटों से अधिक नहीं होना चाहिए।

9. निम्नलिखित सामान्य शर्तों का पालन किया जाना चाहिए :—

(i) उनकी पैकिंग, जांच, परिवहन और संभाल इन नियमों की अपेक्षानुसार की जायेगी।

(ii) उनको अध्याय 2 में अधिकथित अपेक्षाओं के अनुसार लेबल किया जाएगा माल की प्रकृति निम्नांकित रूप में उपदर्शित की जाएगी — अप्राक्यूराइड अंडा उत्पाद गन्तव्य स्थान पर संसाधित किया जायगा तथा तोड़ने का समय व तारीख,

10. संसाधन के उपरान्त आगामी संसाधित प्रक्रियायें यह सुनिश्चित करेंगी कि अंडा उत्पाद में पुनः कोई संदूषण नहीं होगा। तरल उत्पाद या ठोस उत्पाद जिन्हें कक्ष तापमान पर नहीं रखा गया है, या तो सूखा हो या ठंडा हो तो 4 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए। तरल या क्रीमीकरण प्रक्रिया के उपरान्त उत्पाद को संसाधित करने के बाद तुरन्त प्रशीतित करने के लिए रखना चाहिए।

11. जब तक कि उन्हें अन्य खाद्यों के विनिर्माण के प्रयोग में न लाया गया हो अंडे उत्पाद को इन नियमों में अपेक्षित तापमान पर रखना चाहिए।

12. अनुमोदित प्लांट में, ऐसी कच्ची सामग्री से जो खाद्य पदार्थ के विनिर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है, अंडा उत्पाद कर प्रतिषिद्ध है भले ही वह अखाद्य प्रयोजनों के लिए हो।

अध्याय–6

विश्लेषणात्मक विनिर्देश

1. सूक्ष्मजैविकी मापदंड

संसाधन के बाद अंडा उत्पादों के सभी बैचों की यह गारंटी देने के लिए कि वे निम्नलिखित माप दण्डों को पूरा करते हैं, संसाधन प्लांटों में नमूनों के आधार पर सूक्ष्मजैविकी जांच की जानी चाहिए :—

(i) सालमोनेल्ला—अंडा उत्पाद में 25 ग्राम या मिली ली. का अभाव,

(ii) अन्य मापदंड :

—वर्णमध्यक वायुजीवी जीवाणु : एम. = 10^6 / ग्राम या 1 मि.ली. में

—प्रवेश या आहार नाल जीवाणु—एम. = 10^2 / ग्राम या 1 मिली लीटर में

—गुच्छाणु – अंडा उत्पादन में 1 ग्राम का अभाव

एम = जीवाणु की संख्या का मान, यदि एक या अधिक नमूना एक को में जीवाणु की संख्या एम या अधिक है तो यह परिणाम असंतोषजनक माना जाता है।

2 अन्य मापदंड

अंडा उत्पादों के सभी बैचों की, यह गारंटी देने के लिए कि वे निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करते हैं, संसाधन प्रस्थापनाओं में नमूने के आधार पर जांच की जानी चाहिए :—

(i) 3 ओ एच–ब्यूटिरिक अम्ल की सान्द्रता अपरिष्कृत अंडा उत्पाद के सूखे पदार्थ में प्रति किलो ग्राम, 10 मिलीग्राम से अधिक न हो।

(ii) संसाधन से पहले अंडे व अंडा उत्पादों को स्वास्थ्यप्रद रूप में संचालन को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित मानकों का प्रयोग किया जाएगा। अंडा उत्पादों के सूखे पदार्थों में दुग्धाम्ल की मात्रा प्रति किलोग्राम में 1000 मिलीग्राम से अधिक नहीं होनी चाहिए। केवल असंसाधित उत्पादों पर लागू है।

—एक्रीनिक अम्ल की मात्रा अंडा उत्पाद के सूखे पदार्थ में प्रति किलोग्राम में 25 मिलीग्राम से अधिक नहीं होनी चाहिए। तथापि किण्वणित उत्पादों के मामलों में वह मान वह होगा जो किण्वन प्रक्रिया से पहले अभिलिखित किया गया है।

(iii) बचे हुए अंडों के छिलकों की मात्रा, अंडों की झिल्ली और अंडा उत्पाद में अन्य दूसरे कण, अंडा उत्पाद में प्रति किलोग्राम में 100 मिली ग्राम से अधिक नहीं होने चाहिए।

(iv) पदार्थ की अपशिष्ट मात्रा सह्य सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

अध्याय–7

स्वास्थ्य नियंत्रण और उत्पादन का पर्यवेक्षण

1. प्लांटों का पर्यवेक्षण सक्षम प्राधिकारी के अधीन होगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण में ऐसे पर्यवेक्षण उपाय सम्मिलित होंगे जो यह सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक समझे जायेंगे कि अंडा उत्पाद के विनिर्माताओं ने इन नियमों की अपेक्षाओं को पूरा कर दिया है और इनमें विशेष रूप से निम्नलिखित होगी :—

—अंडों के उद्गम तथा अंडा उत्पाद के गन्तव्य तथा अभिलेख की जांच।

—अंडा उत्पादों के विनिर्माण के उद्देश्य से अंडों का निरीक्षण।

—प्लांटों से प्रेषण पर अंडा उत्पादों का निरीक्षण।

—परिसर की स्वच्छता, सुविधाओं और उपस्करों तथा कर्मचारियों के स्वास्थ्य का सत्यापन।

—प्रयोगशाला परख के लिये अपेक्षित कोई नमूना यह सुनिश्चित करने के लिये लेना कि अंडे व अंडा उत्पाद इन नियमों की अपेक्षाओं के अनुरूप है। ऐसी जांच के परिणामों को रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिये और उसे अंडा उत्पाद विनिर्माता को अधिसूचित करना चाहिये।

2. सक्षम प्राधिकारी की प्रार्थना पर, अंडा उत्पाद की विनिर्माताओं को, जहां यह अंडा उत्पाद के स्वास्थ्यप्रद उत्पादन के सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक प्रतीत होता है, प्रयोगशाला परीक्षणों की पारम्परता बढ़ायी जानी चाहिये।

अध्याय–8

अंडा उत्पाद की पैकिंग

1. अंडा उत्पादों को संतोषजनक स्वास्थ्यजनक परिस्थितियों में पैक करना चाहिये जिससे कि ये सुनिश्चित हो जाए संदूषित नहीं है।

आद्यानों के मामलों में निम्नलिखित सहित स्वास्थ्य संबंधी सभी नियमों का पालन करना चाहिए:—

—ये ऐसे नहीं होना चाहिए जो अंडा उत्पादों के जैविक गुणों का ह्रास करते हों।

—ये अंडा उत्पादों में ऐसे पदार्थों को अन्तरित करने वाले नहीं होने चाहिये जो मानव स्वास्थ्य को हानि पहुंचाते हों।

—ये अंडा उत्पादों को पर्याप्त रूप से संरक्षण देने वाले और मजबूत होने चाहिये।

2. जिस कक्ष में आद्यान रखे जाएं वह धूल व कीड़े मकोड़ों से रहित होना चाहिए। प्रयोज्य आद्यानों को बनाने वाली सामग्री का भंडारण जमीन पर नहीं करना चाहिए।

3. अंडा उत्पाद के लिये प्रयोग किये गये आद्यानों को प्रयोग करने से पहले साफ करने चाहिए। पुनः प्रयोज्य आद्यान भरने से पहले साफ होना चाहिए, उसे रोगाणुमुक्त करके खंगाल लेना चाहिए।

4. आद्यानों को स्वास्थ्यजनक ढंग से कार्य करने वाले कक्ष में लाना चाहिए तथा अनावश्यक देरी किए बिना इनका प्रयोग होना चाहिए।

5. पैकिंग के तुरन्त बंद, आद्यानों को बंद करना और उन्हें अध्याय—II के बिन्दु 1 में निर्दिष्ट भंडारकक्ष में ले जाना चाहिए।

6. अंडा उत्पाद के लिए आद्यानों का प्रयोग, यदि अपेक्षित हो, अन्य खाद्य सामग्री के लिए किया जा सकता है, परन्तु ये साफ और रोगाणुमुक्त हों जिससे अंडा उत्पाद संदूषित न हो।

7. बड़ी मात्रा में, अंडा उत्पाद के परिवहन के लिए प्रयोग किए जाने वाले, आद्यानों को स्वास्थ्य संबंधी सभी नियमों का पालन करना चाहिए। इनमें विशेष रूप से निम्नलिखित हैं :—

—आद्यानों को भरत्रां/भीतरी सतह और कोई अन्य भाग जो अंडा उत्पाद के संस्पर्श में आएगा, ऐसे चिकने पदार्थों से निर्मित हो जो खाने में सहज हों, साफ और रोगाणुमुक्त हो, जंग प्रतिरोधक हो और पदार्थों को अंडा उत्पाद में ऐसी मात्रा में स्थानान्तरित न करें जो मानव जीवन के लिए खतरा पैदा करें या अंडा उत्पाद के संयोजन में गिरावट लाए अथवा इसके जैविक गुणों पर विपरीत प्रभाव डाले।

—आद्यानों की बनावट इस प्रकार की होनी चाहिए कि अंडा उत्पाद आसानी से पूर्ण रूप से हटाया जा सके। यदि वह टेप से बंद किया गया है तो उन्हें हटाना, खोलना, धोना, साफ करना व रोगाणुमुक्त करना आसान होना चाहिए।

—पुनः प्रयोग से पूर्व यदि आवश्यक हो प्रत्येक के तुरन्त बाद ही इन्हें धोना, साफ करना, रोगाणुमुक्त करना और खंगालना चाहिए।

—इनको भराई के बाद उचित सील लगाई जानी चाहिए और इन्हें परिवहन के दौरान तथा उपयोग किए जाने तक सील रहना चाहिए ।

—इन्हें अंडा उत्पादों के परिवहन के लिए सुरक्षित रखना चाहिए ।

अध्याय—9

भंडारण

1. अंडा उत्पादों को अध्याय 2 के बिन्दु 1 में निर्दिष्ट भंडारकक्ष में रखना चाहिए ।

2. अंडा उत्पादों को जिनके भंडार के लिए कतिपय तापमान अपेक्षित है; उन्हें उसी तापमान पर रखना चाहिए। भंडार कक्ष के तापमान को लगातार अभिलिखित किया जाए । प्रशीतन दर ऐसी होनी चाहिए कि उत्पाद शीघ्रतातिशीघ्र अपेक्षित तापमान पर पहुंच जाए; आद्यानों को ऐसी रीति से भंडार करना चाहिए कि उनके चारों ओर वायु आसानी से आ जा सके।

3. भंडार कक्ष में तापमान निम्नलिखित मान से अधिक न हो —

—अधिक जमा हुआ उत्पाद	18 डिग्री सेल्सियस
—जमा हुआ उत्पाद	12 डिग्री सेल्सियस
—ठंडा उत्पाद	+ 4 डिग्री सेल्सियस

निर्बल उत्पाद (अंडे की सफेदी के बिना) + 15 डिग्री सेल्सियस ।

अध्याय—10

परिवहन

1. अंडा उत्पादों के परिवहन के लिए वाहन और आद्यानों का ढांचा और सज्जा ऐसी होनी चाहिए कि इन नियमों द्वारा अपेक्षित तापमान परिवहन की संपूर्ण अवधि में सतत रूप से बना रहे ।

2. अंडा उत्पादों को ऐसी रीति में प्रेषित किया जाना है चाहिए कि परिवहन के दौरान किसी भी ऐसी चीज से जो उनके लिए हानिकारक है, पर्याप्त रूप से सुरक्षित रहे ।

3. अध्याय 1 में बिन्दु 3 में विहित तापमान परिवहन के दौरान बने रहना चाहिए ।

अध्याय—11

अंडा उत्पादों का चिन्हांकन

1. प्लांट के अंडा उत्पादों के प्रत्येक परेषण पर निम्नलिखित विवरण वाला लेबल लगा होना चाहिए :—

(i) या तो :—ऊपरी भाग पर प्रेषिती देश के नाम के आरंभिक अक्षर/अक्षरों को साफ अक्षरों में लिखा जाए अर्थात् — बी/डी/डी के/के एल/ई एस पी/एफ/ आई आर एल/आई/एल/ एन एल/ पी/ यू के, जिसके पश्चात् प्लांट का अनुमोदन संख्यांक दर्शित हो। नीचे के भाग पर निम्नलिखित सेटों में से एक के आद्याक्षर लिखे जाए : सीईई—ईईसी—ईईजी—ईओके—ईडब्ल्यूजी—ईओएफ ।

(ii) या :—ऊपरी भाग पर प्रेषिती देश का नाम साफ अक्षरों में। मध्य में प्लांट का अनुमोदन संख्यांक होना चाहिए ; नीचे के भाग पर निम्नलिखित सैटों में से एक के आद्याक्षर लिखे जाएं : सीईई—ईईसी—ईईजी —ईओके—ईडब्ल्यूजी—ईओएफ ।

(iii) वह तापमान जिस पर अंडा उत्पाद को रखना है तथा वह अवधि जिसके दौरान उनका संरक्षण सुनिश्चित किया गया है । लेबल सुपाठ्य अमिट और आसानी से अर्थ निकाला जा सकने वाली प्रकृति का होना चाहिए।

2. परिवहन दस्तावेजों में विशेष रूप से निम्नलिखित सम्मिलित होने चाहिए :—

(i) उत्पादों की प्रकृति उद्गम के वर्ग सहित इंगित होनी चाहिए;

(ii) बैच संख्यांक;

(iii) गन्तव्य स्थान और पहले पाने वाले का नाम व पता;

(iv) यह जानकारी और पौष्टिकता का चिन्ह राजभाषा में या गन्तव्य देश की भाषा में होना चाहिए।

अध्याय—12

[यूएसए (संयुक्त राज्य अमरीका) को किए गए निर्यात पर लागू]

1. सफाई, संसाधन और सुविधा की अपेक्षाएं

1. प्लांट की अपेक्षाएं

1.1 प्लांट आपत्तिजनक गंध, धूल और धुएं वाली वायु से पूर्णतया मुक्त होना चाहिए ।

1.2 परिसर कूड़ा करकट, कबाड़, रद्दी और अन्य दूसरे तत्वों से पूर्णतया मुक्त होना चाहिए और ऐसी अवस्थाएं जो गंध के साधनों का सृजन करती है या कीट, कृन्तकों तथा अन्य कीड़े मकौड़ों के स्रोत बनती है, से मुक्त होना चाहिए ।

1.3 भवन का मजबूती से निर्मित होना चाहिए और अच्छी मरम्मत करके रखा गया हो जिससे उसमें कीड़े मकौड़ों के शरण लेने या प्रवेश की गुंजाइश न हो ।

IndiaCode

1.4 कक्ष कूड़ा करकट, कचड़े, रद्दी तत्वों, दुर्गंध, कीटों, कृन्तकों से मुक्त रखा जाएगा और ऐसी अवस्थाएं जो गंद के साधनों का सृजन करती है या कीट कृन्तकों तथा अन्य कीड़े मकोड़ों के स्त्रोत बनती है, से मुक्त होना चाहिए। ऐसी सामग्री और उपस्कर को, जो वर्तमान में प्रयोज्य नहीं है, संभाल और भंडारकरण ऐसी रीति में किया जाएगा जिससे कि वह स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा न करे।

1.5 दरवाजे और खिड़कियां जो बाहर को खुलती है, कृन्तकों व अन्य कीड़ों आदि के प्रवेश को रोकने वाले होंगे। दरवाजे, खिड़कियों व सेविका कक्ष, जहां खाद्य पदार्थ रखा गया हो की, संरचना व बनावट इस प्रकार होनी चाहिए कि वे धूल व गंदगी को रोक सकें। उन दरवाजों का निर्माण, जो उन कमरों में खुलते है जहां खाद्य उत्पाद का प्रसंस्करण होता है, मजबूती से होना चाहिए और ऐसे दरवाजे जो फ्रिज या कूलर के दरवाजों से भिन्न है, स्वयं बंद करने वाली युक्ति सहित होने चाहिए।

1.6 दरवाजे और ऐसे अन्य निकास जिनसे कृन्तक प्रवेश कर सकते है, का निर्माण कृन्तक प्रूफ होना चाहिए।

1.7 प्लांट और परिसर के लिए सुचारू पानी निकास और नलसाजी की व्यवस्था होनी चाहिए। नाली और मलवहन नाल अनुमोदित जाली और छिद्रों के साथ उचित रूप से लगायी जानी चाहिए। पर्याप्त ढलान के साथ शीघ्रता और निर्बाध रूप से गंदे पानी का निकालना और अन्य बहुत सी संसाधन की प्रक्रिया का संचालन होना चाहिए। फर्श की नाली का भाग निकास जाली के साथ इस प्रकार जुड़ा हुआ हो जो पानी के ठहराव को न होने दे। नयी या पूर्ण संशोधित रूप देकर बनाए गए शौच रोके पानी से निकास की नालियां प्लांट की अन्य निकास नालियों से नहीं जोड़ी जानी चाहिए।

1.8 पानी की आपूर्ति (गर्म और ठंडा दोनों) प्रचुर, साफ व पेय रूप में पर्याप्त दबाव के साथ होगी। तथा प्लांट या उसके किसी भाग को पानी की आपूर्ति की सुविधाएं दी जाएगी जो अंडा प्रसंस्करण और संचालन व्यवस्था तथा उन्हें संदूषित तथा प्रदूषित होने से बचाया जाना चाहिए।

1.9 फर्श, दीवारें, छत, पृथककरण, स्तंभ दरवाजे, सभी अन्य प्रकार के भागों का निर्माण ऐसे पदार्थों से होगा जो उनका त्वरित और सम्पूर्ण सफाई को सुकर बना सके। फर्श और मोड जलरोधी होने चाहिए।

1.10 प्रत्येक कमरा और कक्ष जिसमें झिल्ली अंडा या अंडा उत्पाद का रखरखाव या प्रसंस्करण होता है, उसका डिजाइन निर्माण और रखरखाव इस प्रकार किया जाएगा कि यह साफ और सुचारू प्रकृति जो आपत्तिजनक गंध और वाष्प से मुक्त हो, के संसाधन और संचालन शर्तों को सुनिश्चित करे। साथ ही सफाई और स्वास्थ्य जनक परिस्थिति को भी बनाए रखे।

1.11 प्लांट या उसके किसी भाग, जिसमें झिल्ली अंडा या अंडा उत्पाद का रखरखाव या भंडारण किया जा रहा है, से कुत्ते, बिल्लियों और कीड़े-मकोड़ों (जिसमें कीट, कृन्तक और जन्तु सम्मिलित है परन्तु यह इन्हीं तक सीमित नहीं है) को बाहर रखने की प्रत्येक सावधानी बरती जाएगी।

1.12 (i) वहां पर्याप्त संख्या में शौचालय, ड्रेसिंग कक्ष, प्रसाधन कक्ष जिनका आकार विन्यास हो, और सुविधाजनक व कुशलता पूर्ण उपयोक्त स्थिर हो। जो सुविधाजनक स्थान पर स्थित हों तथा उन कमरों और कक्षों से पृथक हो जिनमें झिल्ली अंडा या अंडा उत्पाद का रखरखाव, संसाधन या भंडारण होता है। ड्रेसिंग कक्षों और प्रसाधन कक्षों में पृथक रूप से वायु संचार होना चाहिए, उन्हें स्वास्थ्य निर्माण व उपस्कर संबंधी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला होना चाहिए।

(ii) निम्नलिखित सूत्र अपेक्षित प्रसाधन सुविधाओं के निर्धारण के लिए आधार है :—

एक ही लिंग भेद के व्यक्ति	अपेक्षित प्रसाधन पात्र	
01 से 15, दोनों सम्मिलित		1
16 से 35, दोनों सम्मिलित		2
36 से 55, दोनों सम्मिलित	*	3
56 से 80, दोनों सम्मिलित	*	4
80 से अधिक प्रत्येक अतिरिक्त 30 व्यक्तियों के लिए	*	1

*प्रसाधन पात्र के स्थान पर मूत्रालय रखे जा सकते है परन्तु यह पात्रों की कुल संख्या के 1/3 भाग तक ही हो सकता है।

1.13 शौचालय ही जगह प्लांट में जिनमें, गर्म व ठंडा बहता हुआ पानी, एक बार प्रयोज्य तौलियों और साबुन जिसमें ऐसी गंध न हो जो उत्पाद के ठीक मूल्यांकन करने में हस्तक्षेप करे, सम्मिलित है परन्तु यह इन्हीं बातों तक सीमित नहीं है उस स्थान पर स्थित होगी जहां किसी झिल्ली अंडा या अंडा उत्पादों का रखरखाव करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सफाई सुनिश्चित हो सके। संसाधन क्षेत्रों में हाथ धोने की सुविधाएं संचालन नियंत्रण करने वाले व्यक्ति से भिन्न व्यक्ति द्वारा संचालित होगी। और निकास के लिए जाली होगी जो नल साज-व्यवस्था से जुड़ी होनी चाहिए।

1.14 प्लांट में सभी सुविधाजनक स्थानों पर उपकरणों व उपस्करों की सफाई और स्वच्छता के लिए उपयुक्त सुविधाओं की व्यवस्था होगी।

IndiaCode

1.15 झिल्लियों, कचरा और दूसरे कूड़े को रखने और इकठ्ठा करने के लिए कूड़ाघर की व्यवस्था होनी चाहिए। ये पूर्ण रूप से बंद पक्ष होते है, जो अंडा तोड़ने वाले कक्षों या खुलने वाले नहीं होंगे या वे उन कमरों में नहीं खुलेंगे जहां अंडा उत्पाद और पैकिंग पदार्थों की संभाल की जाती है या भंडारण होता है और ये सफाई के लिए अनुमोदित नालियों सुविधाओं सहित होंगे तथा बाहर हवा फेंकने वाली अनुमोदित सहित बने होंगे। झिल्ली का रखरखाव तथा कचरे और अन्य कूड़े की वैकल्पिक व्यवस्था सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो सकती है बशर्ते इस व्यवस्था में कचरे को हटाने और उसकी व्यवस्था करने के लिए तुल्यमाप भाग की सफाई की व्यवस्था की गई है

2 उपस्कर और उपकरण :—पोलीक लोरीनेटिड बाईफिनाइल्स (बी सी बी) रखने वाला उपस्कर

2.1 झिल्ली अंडा और अंडा उत्पाद के संसाधन में प्रयुक्त उपकरणों की बनावट, सामग्री और निर्माण तथा अपेक्षा निम्न प्रकार होगी :—

(i) जो ऐसे उत्पाद का परीक्षण, पृथककरण और संसाधन के सुचारू, साफ और संतोषजनक रूप से करने में सहायता करे।

(ii) वे पूर्ण सफाई और स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए सभी भागों में आसानी से पहुंच सकें। जहां तक व्यवहार्य होंगे सभी औजार धातु से या अन्य ऐसी अप्रभावित सामग्री से बने होंगे जो रसायनिक क्रिया या भौतिक सम्पर्क से उत्पाद को प्रभावित नहीं करें।

2.2 सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा प्राधिकृत नए और पुनः माडल किए उपस्कर और उसके स्थापित करने को छोड़कर स्थापित उपस्कर ऐसे उपस्कर के लिए अंगीकृत रीति से उसे लागू स्वच्छता के मानकों को अनुपालन करेगा।

2.3 नए या पुराने उपस्कर के बदले नए उपस्कर या मशीन (जिसमें बदला गया कोई भाग सम्मिलित है) जो किसी अनुमोदित प्लांट के परिसर में लाई गयी है उसमें द्रव्य माध्यम के 50 पीपी एम भार से अधिक सांद्रता वाली द्रव्य पोलीक्लोरीनेटिड बाईफिनाइल नहीं होगी। व्यवस्था दोनों खाद्य संसाधन और अखाद्य संसाधन उपस्कर और मशीनरी तथा ऐसे उपस्कर मशीनरी के बदले में आए किसी भाग पर लागू होगी। पूर्ण रूप से घिरे हुए ऐसे संधारित्र जिनमें 3 पौण्ड पीसीबी से कम हो इस प्रतिषेध से मुक्त होंगे।

3. सामान्य संचालन प्रक्रिया

3.1 संचालन, जिसमें संसाधन, भंडारण और अंडा झिल्ली अवयवों तथा अंडा उत्पादों की व्यवस्था अन्तर्विष्ट है, पूर्णतया सफाई व स्वच्छता के तरीकों का कड़ाई से पालन करते हुए किया जाएगा। अभिक्रिया, स्थरीकरण और अन्य संसाधन इस भाग के अनुसार होनी चाहिए तथा वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो सभी संचालनों में संसाधन के तरीके और तापमान इस प्रकार होंगे कि वे अंडा उत्पाद के विनाश को रोके।

3.2 अनुमोदित प्लांटों में संसाधित झिल्ली अंडा और अंडा उत्पादों का प्रत्येक संसाधन संचालन के दौरान स्थायी और लगातार निरीक्षण होगा। कोई भी झिल्ली अंडा या अंडा उत्पाद जो उन विनियमों के अनुसार संसाधित न हो या जो मानवीय खाद्य के योग्य न हो उन्हें हटा कर अलग किया जाएगा।

3.3 सभी हानि और अखाद्य अंडे या अंडा उत्पाद को "अखाद्य" लेबल अंकित आधान में रखा जाएगा तथा जिसमें पर्याप्त मात्रा में अनुमादित विकृतिकारक या लक्षणहीन कारक रखे हों, जैसे भूरा, नीला, काला या गहरा रंग मांस कम और पेषण उपोत्पादन या कोई अन्य उत्पाद जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो इस धारा का प्रयोजन पूरा करेगा।

झिल्ली अंडा को तोड़ा जाएगा और उसके अंग को उत्पाद में ऐसी पर्याप्त मात्रा में निखेर दिया जाएगा जो उत्पाद को एक भिन्न रूप या गंध दे सके। पूर्ववर्ती के होते हुए भी और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से अवेटक खाद्य उत्पाद को "अखाद्य" लेबल किए गए आधान में रख सकता है जिनमें विकृतिकारक नहीं रखा गया है यदि ऐसा अखाद्य उत्पाद को अनुमोदित प्लांट से नौभरण के पहले विकृत या लक्षनहीन कर दिया है परन्तु यह कि ऐसा उत्पाद उचित रूप से पैक लेबल और पृथक किए गए हैं और उनके संबंध में नियंत्रण सूची बनाई गई है। इसके अतिरिक्त अनुमोदित प्लांट से औद्योगिक प्रयोग के लिए या पशु खाद्य के लिए भेजे गए उत्पाद को विकृतिकारक या लक्षण विहीन करना जरूरी नहीं है बशर्ते यह सरकारी सील के अधीन नौभार किया गया है।

3.4 सक्षम प्राधिकारी सैंगनेला के लिए प्रयोगशाला परिणाम की प्राप्ति से पूर्व या किसी आम कारण के जैसे कि ठोस वस्तुओं को लेबल करना, अनुमोदित प्लांट से अंडा उत्पादों को भेजने की अनुमति दे सकेगा, जब उनको यह संदेह नहीं हो कि इस भाग के किसी व्यवस्था का अपालन हो रहा है। तथापि ऐसा नौभार ऐसी परिस्थितियों के अधीन होगा जो प्लांट में उत्पाद की वापसी, पुनः संसाधन, पुनः लेबल करने को, आश्वस्त करे या ऐसी अन्य शर्तों के अधीन हो जो सक्षम प्राधिकारी इस भाग की अनुपालन कराने के लिए निर्धारित करे।

Indiacode

3.5 पेश्चुराइजिंग, स्थायीकरण या सूखा संग्रहण अंडा तोड़ने के पश्चात् यथा शीघ्र संभव करना होगा जिससे उत्पाद का विनाश होने से रोका जा सके। यह अंडा उत्पादन के लिए अंडा तोड़ने को मशीनों से भिन्न हो जिन्हें शर्करा रहित किया जाता है, के समय से अधिमानतः 72 घंटों के भीतर होना चाहिए ।

3.6 प्रत्येक व्यक्ति जो खुले या बिना पैक किए हुए अंडा उत्पाद या किसी औजार या ऐसे आज्ञान को जो अंडा उत्पाद के संपर्क में आ सकता है संभाल करता है वह अपने हाथ धोएगा और उन्हें साफ रखेगा ।

3.7 कोई उत्पाद या सामग्री जो आपत्तिजनक स्थिति उत्पन्न करती है संसाधित नहीं की जाएगी या उन्हें ऐसे कक्ष, कमरे या स्थान पर नहीं रखा जाएगा जहां खिल्ली अंडा या अंडा उत्पादन का संसाधन भंडारण या संभाल होती है ।

3.8 अनुमोदित प्लांट में केवल जीवाणु नाशी, कीट-नाशी साफ करने वाले या नमी नाशीकारक या दूसरे ऐसे समतुल्य यौगिक, जो अंडा व अंडा उत्पादों पर हानिकर प्रभाव नहीं डालते और जिन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया हो, का प्रयोग हो सकेगा । ऐसे यौगिकों का प्रयोग सक्षम प्राधिकार के समाधान पर किया जाएगा ।

3.9 कोई औजार और उपस्कर जो अंडा खिल्ली या अंडा उत्पाद के संसाधन के दौरान संदूषित हो गए हों, उन्हें प्रयोग न करने के लिए तुरन्त ही हटा दिया जाना चाहिए और उनका जब तक प्रयोग नहीं किया जाए जब तक वे साफ व स्वच्छ दशा में न हों ।

3.10 अंडा उत्पाद के संसाधन के दौरान मिलाया गया कोई भी पदार्थ मानव खाद्य के लिए साफ व उचित होगा या अवयव ।

3.11 जब उन्हें अंडा उत्पादों से भरा जाए तब अंडा उत्पादों की पैकिंग या आज्ञान के स्वच्छ डिजाइन के तथा साफ होंगे तथा भरते समय प्रत्येक प्रकार की सावधानी बरती जानी चाहिए जिससे कि किसी पैकिंग या आज्ञान की सतह, जो ऐसे अंडा उत्पाद के सीधे संपर्क में हो आती है या आएगी, धूल या संदूषण से दूर रहे केवल नए आज्ञान ही या प्रयोग किए गए ऐसे आज्ञान जो साफ हो और अच्छी स्थिति में हो और भीतरी उपयुक्त सतह वाले आज्ञान ही खाद्य उत्पाद की पैकिंग के लिए उपयोग किए जा सकते हैं । फाइबर आज्ञान, जिनका प्रयोग बिना अन्तर की सतह के हुआ हो, समक्ष प्राधिकारी को अनुमोदन अपेक्षित है ।

3.12 परिष्कृत उत्पाद की स्वास्थ्य प्रदता निर्धारित करने के लिए अंडा उत्पादों का निरीक्षण किया जाएगा ।

3.13 अंडा उत्पाद का संसाधन ऐसी रीति में यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि उससे रक्त और गोश्त के धब्बे, खिल्ली के कण और बाहरी वस्तु तुरन्त दूर हो ।

3.14 तुड़ाने वाले एकक, पाउडर बाहक, छलना, मिश्रक, मशीनी पाउडर कूलरों के सिवाय संसाधन संचालनों के प्रारंभ में औजार और उपस्कर साफ और स्वच्छ होंगे । सभी संसाधन संचालनों के दौरान उपस्कर और औजार साफ और स्वच्छ ढंग से रखे जाएंगे ।

3.15 अंडा उत्पाद को उपभोक्ता के लिए भेजने से पहले इस अध्याय के पैरा 26 के अनुसार पेश्चुराइज किया जाएगा सिवाय इसके कि बिना पेश्चुराइज किए ब्रेड से तैयार सूखे सफेदों का इस अध्याय के पैरा 27 के अनुसार गरम किया जाएगा ।

(i) पर्याप्त पेश्चुराइजेशन निश्चित करने के लिए विश्वास पूर्वक हो कि रोग उत्पन्न उत्पादन जीवाणु की उपस्थिति के लिए अंडा उत्पाद का नमूने लेकर उसकी सैमोनेला की उपस्थिति के लिए जांच करायी जाएगी । सैमोनेला की उपस्थिति की जांच के लिए नमूना अध्याय II के अनुसार होगी और यदि उत्पाद में सैमोनेला पाजिटिव पाया जाता है तो इसे पुनः संसाधित, पेश्चुराइज किया जाएगा और सैमोनेला की विद्यमानता के लिए विश्लेषण किया जाएगा या इसे विकृत कर दिया जाएगा ।

(ii) बिना पेश्चुराइज या सैमोनेला पाजिटिव अंडा उत्पाद की अनुमोदित प्लांट में पश्चुराइज, पुनः पेश्चुराइज या ताप संसाधित किया जा सकता है बिना पेश्चुराइज या सैमोनेला पाजिटिव उत्पाद वाले आज्ञानों पर अध्याय XIII के चित्र 3 में दर्शित चिन्ह से पहचान बनायी जाएगी ।

3.16 उत्पाद या उत्पाद संपर्क सतहों में आने वाले वायु बाहरी वायु स्रोतों के अनुमोदित फिल्टर से आएगी ।

3.17 अनुमोदित प्लांट में सभी द्रव और ठोस अपशिष्ट सामग्री उत्पाद को संदूषण से बचाने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित रीति में हटायी जाएगी और यह स्वीकार्य पर्यावरणीय संरक्षण पद्धतियों के अनुसार होगी ।

4 कृत्रिम प्रकाश और अन्तरण कक्ष सुविधाएं तथा उपस्कर

4.1 कमरे की संरचना इस प्रकार होनी चाहिए जिसमें पर्याप्त रूप में अन्धेरा किया जा सके और कृत्रिम प्रकाश के द्वारा होने वाली अशुद्धि या अंडों की हानि को हटाने में निश्चितता हो । उपस्करों की व्यवस्था सफाईजनक हो और कचरे को तथा पैकिंग सामग्री को हटाने में सहायक हो ।

4.2 फर्श का निर्माण पूर्णतया सफाई करने में सहायक हो और फर्श पानी का प्रतिरोधी बनावट वाला हो तथा इसमें उचित निकास भी हो ।

4.3 अनुमोदित निकास व्यवस्था लगातार सीधे रूप में भाप, धुआं, गंध व धूल को कमरे से बाहर फैकने वाली

हो । संचालन के दौरान कमरे का ताप यथोचित रूप से कार्य करने योग्य तापमान पर रखा जाना चाहिए ।

4.4 अनुमोदित प्रकार की कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था हो जो प्रकाश रखने वाले को हानि रहित, सुन्दरी या फैंक अंडे तथा मुर्गी के अंडों में भिन्न अंडों का पता लगाने में सहायक हो ।

4.5 लोकर ट्रे ऐसी सामग्री और ऐसे डिजाइन की बनी होनी चाहिए जिससे सफाई व स्वच्छता आसान हो सके।

4.6 खाद्य अंडों के लिए ऐसे आधानों को दिया जाना चाहिए जो ऐसी सामग्री और ऐसे डिजाइनों से बने हों कि उनकी सफाई सरलता से की जा सके। सभी ऐसे आधानों पर स्पष्ट रूप से चिन्हांकन किया जाए ।

4.7 कमरे के लिए ऐसे आधानों को दिया जाना चाहिए जो ऐसी सामग्री और ऐसे डिजाइन से बने हों कि उनकी सफाई सरलता से की जा सके जब तक कि प्रतिदिन प्रयोजक साफ आधान न दिए जाएं ।

4.8 छिल्ली अंडा वाहक का निर्माण इस प्रकार होना चाहिए कि उन्हें पूर्ण रूप से साफ किया जा सके ।

5. प्रकाशीय और स्थानांतरण कक्ष का संचालन

5.1 प्रकाशीय और स्थानांतरण कक्षों और उपकरणों को स्वच्छ मकड़ी के जालों, धूल आपत्तिजनक दुर्गंधों और अत्यधिक पैकिंग सामग्री से मुक्त रखा जाएगा ।

5.2 अखाद्य अंडों के डिब्बों को प्रकाशय कक्षों से दूर रखा जाएगा यदि प्रायः आवश्यकता समझी जाए तो प्रतिदिन प्लांट को स्वच्छता से साफ किया जाएगा। प्लांट को आपत्तिजनक दुर्गंधों से मुक्त रखा जाएं ।

5.3 अंडों के छिलकों को तोड़ने से पूर्व प्रेस्वेदन क्रिया को कम करने की किन्हीं रीति का प्रबंध किया जाएगा.

5.4 जब तक इस अध्याय के 6.4 के अधीन प्रतिषिद्ध न किया गया हो व्यापक रूप से क्षतिग्रस्त छिलकों सहित अंडों के छिलकों को छिद्र-ट्रे से स्थानांतरित किया जाएगा और तत्काल तोड़ा जाएगा ।

6. अंडा उत्पाद प्रक्रिया में प्रयुक्त अंडों के छिलकों का वर्गीकरण

6.1 अंडे छिलकों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित रीति से निम्नलिखित प्रवर्गों में छटाई और वर्गीकृत किया जाएगा :

(i) इस अध्याय के पैरा 6.4 में सूचीबद्ध अंडे।

(ii) गंदे ।

(iii) छिद्र जैसाकि इस अध्याय के पैरा 6.3 (ii) में वर्णित है ।

(iv) मुर्गी का चूजा बतख, पीफ (पक्षी) गिनी, कुकुमट और हंसनी के अंडों से भिन्न अन्य अंडे से ।

(v) तोडन स्टॉक के रूप में प्रयोग के लिए अन्य समाधानप्रद अंडे ।

6.2 अंडे छिलकों में यदि अधिक दुर्गंध पाई जाए या अधिक दुर्गंध युक्त अंडे के प्राप्त किए जाने के मामले में स्वीकार्यता से निश्चित करने के लिए पृथक रूप से प्रकाशित और तोड़ा जाएगा ।

6.3 जब अंडों के छिलकों को तोड़ने के लिए प्रस्तुत किया जाए तब खाद्य अंतरीय गुणवत्ता को सुरक्षित रखा जाएगा और (छिलके ठीक रखे जाएंगे) और धूल और उसके अतिरिक्त बाह्य सामग्री से मुक्त होंगे ।

(i) यदि अंडों के साथ अंडों के छिलकों के हिस्सों में मिल जांए उसकी जांच की जाए कि दुर्गंध धूल और बाह्य सामग्री से मुक्त है और छिलकों की झिल्ली न फटी हो ।

(ii) साफ छिलकों वाले अंडे जो प्रकाशन और/या स्थानांतरण में क्षतिग्रस्त हो गए हैं और छिलके के हिस्से (छिलके) झिल्ली में अप्राप्त मिल जाए तो उन्हें केवल तभी उपयोग में लाया जाएगा जब जर्दी खंडित नहीं हुई हो और अंडों के पदार्थ छिलकों के बाहरी भाग में से नहीं रिसते है । इस प्रकार के अंडों को छिद्र ट्रे में स्थानांतरित किया जाएगा और तत्काल तोड़ा जाएगा ।

(iii) अंडों के साथ मांस और खून के धब्बे लग जाएं तो यदि धब्बों को स्वीकार्य रीति से मिटा दिया जाता है तो प्रयोग में लाए जा सकते है ।

6.4 सभी घटित और अखाद्य (अभोज्य) अंडों का नाम निर्दिष्ट आधानों में स्थानांतरित किया जाएगा और इस अध्याय के 3.3 में , की अपेक्षानुसार प्रबंध किया जाएगा। अखाद्य और घटित अंडों के इस अध्याय और इन आधानों के 9.9 के प्रयोजन के लिए परिभाषित जैसे काले, रोप्स सहित, सफेद रोटस, मिश्रित रोटस, हरा सफेद एवं बयुम या पीला भाग (जरदी) कुचला पीला भाग (जरदी) गजकारी पीला भाग भ्रूण विकसित, फफूंदीदार अंडे, खट्टे अंडे और अंडों का अपमिश्रण के इस प्रकार की शर्तों द्वारा उस भाग में परिभाषित है और कोई अन्य गले सड़े और विघटित अंडे जिसमें निम्नलिखित भी सम्मिलित है :—

(i) अंडों में से मांस और खून के हटाने योग्य धब्बों से भिन्न दृश्य बाह्य पदार्थों वाला कोई अंडा ।

(ii) छिलके के किसी भाग वाला और अखाद्य झिल्ली वाला अंडा और छिलके के बाह्य हिस्से के साथ चिपका हुआ या छिलकों के बाह्य हिस्सों से अंडा मांस से स्पर्श होने वाला कोई अंडा ।

IndiaCode

(iii) छिलके में चिपकी हुई धूल या बाह्य पदार्थ वाला और छिलके और छिलके की झिल्ली में दरार वाला कोई अंडा ।

(iv) अंडों के छिलकों के पात्रों (डिब्बों) और छिद्र ट्रे से पुनराप्त तरल अंडा ।

(v) स्वच्छता प्रचालन में बनाए गए खुले छिद्र ।

(vi) ऐसा कोई अंडा जो यह साक्ष्य प्रदर्शित करता हो कि फेस से स्थानांतरण के पूर्व अंतर्वस्तु रिसती है या रिस रही है ।

6.5 उष्मायित अस्वीकृत अंडों को अनुमोदित प्लांट में नहीं लाया जाएगा ।

7. अंडों में स्वच्छता संचालन ।

7.1 जब धुले अंडों के छिलकों को तोडने के लिए पेश किया जाए तो निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति की जाएगी ।

(i) अंडों के छिलकों को साफ करने के औजारों (उपकरणों) को पूर्ण रूप से व्यवस्थिति स्थिति में रखा जाए । यदि आवश्यक समझा जाए तो प्रत्येक दिन प्रयोग करने के बाद उनकी स्वच्छता से सफाई की जाए ।

(ii) साफ करने वाले पानी के ताप को 32 डिग्री सेल्सियम पर या अधिक पर सुनिश्चित किया जाए और जब अंडों को धोया जाए तो तापमान को कम से कम 11 डिग्री सेल्सियस पर होना चाहिए । ये तापमान पूर्णरूप से सफाई के आवर्तन में सुनिश्चित रखा जाएगा ।

(iii) घुले पानी के लिए एक स्वच्छतापूर्ण अनुमोदित कंपाउंड का प्रयोग किया जाए । विक्रय में कंपाउंड डिस्पैनसिंग के लिए भाप मापीय उपकरणों के प्रयोग और सिफारिशें की गई हैं ।

(iv) घुले पानी को लगभग प्रत्येक 4 घंटों के अन्तराल पर बदल दिया जाएगा यदि प्रायः आवश्यकता समझी जाए तो प्रत्येक आखिरी शिफ्ट पर इसे स्वच्छता की स्थिति में रखा जाए । अंडे की धुलाई प्रचालन (संचालन) के दौरान उपचारात्मक मापकों से अतिमात्रा में फेल करने से रोका जाएगा ।

(v) प्रशीतित पानी को क्रमशः निरन्तर प्रतिस्थापन कर दिया जाए और वासर्श को लगातार प्रवाहित किया जाएगा । प्रक्षालन पानी और रसायनिक स्वच्छ प्रक्षालन प्रतिस्थापन बदलने का प्रयोग होना चाहिए । आयोडिन शुद्धता प्रक्षालन का प्रयोग पानी के प्रतिस्थापन में नहीं किया जाना चाहिए ।

(vi) अंडे की धुलाई (प्रक्षालन) संचालन से निकलने वाले पानी को सीधे निकासी से निकाला जाएगा ।

(7) धुलाई संचालन को निरंतर किया जाएगा और जहां तक संभव हो संचालन को शीघ्रता से पूर्ण किया जाएगा। अंडों को खड़ा करना या पानी में भिगोना स्वीकार्य नहीं होगा। निमज्जन किस्म के वाशर्त का प्रयोग नहीं किया जाएगा ।

(8) अंडे के छिलकों को धुलाई करने के पूर्व उनको गीला करने से पहले अंडों के ऊपर गण सम्पन्न पानी के लगातार बहाव द्वारा ऐसी रीति से छिड़काव किया जाए जो पानी को बाहर निकलने की अनुमति देती है या ऐसे संयत्रों के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाए । पानी का तापमान वही होगा जो इस अध्याय में निहित है ।

(9) धुले अंडों का प्रक्षालन छिकाव अनुमानित स्वच्छतापूर्ण स्थिति के साथ 100 पीपीएम से कम न किया जाए और ना ही 200 पीपीएम के अधिक रसायनिक का, अथवा इसके समतुल्य;

7.2 अंडों को तोड़ने वाले कक्ष में न धोया जाएगा या किसी कक्ष में जहां खाद्य उत्पाद की प्रक्रिया की जाए।

7.3 अंडे तोड़ते समय छिलकों को पर्याप्त रूप में सुखाया जाए और संदूषण से रोकने के लिए या तरल अंडे उत्पाद के अपमिश्रण से छिलके की नमी से मुक्त (दूर) रखने के लिए।

8. तोड़ने वाली कक्ष (कमरों) की सुविधाए

8.1 तोड़ने वाले सभी कक्ष के कार्य सतह से प्रकाश को लगभग 30 फुट से बराबर रखा जाएगा इसके सिवाय यह प्रकाश तीव्र या तोड़ने वाले और निरीक्षण स्थान से कम से कम 50 फुट की दूरीपर रखा जाए। प्रकाश समुचित सुरक्षा जिस दूरी से संरक्षित होगी।

8.2 छतों और दीवारों की सतह को चिकनी और पानी रोधक सामग्री से बनाया जाएगा।

8.3 सतह की संरचना जलरोधक से की जाएगी और सतह की टूटी हुई और खुरदरी से रहित होगी। दीवार के अंतरीय भाग की जगह से गंदे पानी की पर्याप्त निकासी के लिए नाली बनाई जानी चाहिए।

8.4 वायु आगमन के लिए व्यवस्था करना ।

(1) पूर्णकक्ष में बाहय वायु आने के लिए उपयुक्त छिद्रों की व्यवस्था ।

(2) संचालन प्रक्रिया के समय हवा का उचित तापमान ।

IndiaCode

8.5 व्यक्तिगत तौर पर सभी अंडों को तोड़ने वाले कर्मियों के लिए पर्याप्त मात्रा में हाथ धोने के लिए आसान व सुगम सुविधाएं होंगी। गर्म पानी की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छ तौलिए या हाथ सुखाने के लिए अन्य सुविधाएं, दुर्गन्ध रहित साबुन, काम में आने वाले तौलिए, डिब्बों की व्यवस्था होगी। हाथ धोने के लिए हस्तांतरित नियंत्रण से भिन्न द्वारा स्वचालित सुविधा होगी।

8.6 अंडे उत्पाद पैकिंग के लिए डिब्बे तरल अंडे ट्रान्टियों के रूप में स्वीकार्य नहीं है।

8.7 डिब्बों में से एक उचित पहचान प्रदत्त की जाए कि अस्वीकार्य तरल व्ययन के लिए है।

8.8 छिलकों के हिस्सों और बाह्य सामग्री को प्रभावी तौर से हटाने के लिए अनुमोदित संरचना की छलनी, फिल्टर अथवा अपकेन्द्रीय निर्मल कर्मियों की व्यवस्था की जाएगी जब तक कि अन्य यांत्रिक डिवाइसेंस के लिए सक्षम प्राधिकारी से विशेष अनुमोदित प्राप्त नहीं कर लिया जाता है।

8.9 तरल अंडे उत्पाद पैकिंग के लिए, सिवाय स्वतः बंद पैकिंग प्रणाली के छलनी, कृत और पूर्ण हवादार किस्म के पृथक कक्ष की व्यवस्था की जाएगी।

9. तोड़ने वाले कक्ष का संचालन

9.1 तोड़ने वाले कक्ष को धूल से मुक्त स्वच्छता की दशा में और मक्खियों कीट और कृतकों से मुक्त रखा जाएगा। तोड़ने वाले कक्ष की फर्श के संचालन को समय पूर्णतया स्वच्छता से साफ और सुखाया जाएगा। तथा अंडा, मांस और छिलकों से रहित रखा जाएगा।

9.2 सभी तोड़ने वाले कक्ष के कर्मियों को अपने हाथों को दुर्गंध मुक्त साबुन से प्रत्येक समय तोड़ने वाले कक्ष में प्रवेश से पूर्व अच्छी तरह से साफ करेंगे और अखाद्य अंडों को तोड़ने के बाद साफ उपकरणों को प्रयोग में लाने से पूर्व साफ करेंगे।

9.3 कागज तौलिया अथवा टिसूज को तोड़ने वाली मेज पर प्रयोग किया जाएगा और इन्हें दोबारा प्रयोग में नहीं लाया जाएगा। कपड़े के तौलिए की अनुमति नहीं दी गई है।

9.4 तोड़ने वाले जब भी कार्य प्रारंभ किया जाए और भोजनावकाश के बाद स्वच्छ उपकरण औजार पूर्ण सेट का प्रयोग करेंगे। सभी मेजों के उपकरणों को प्रत्येक 2.5 घंटों में स्वच्छकर बारी-बारी से प्रयोग किया जाएगा।

9.5 प्यालों को अत्यधिक मात्रा में नहीं भरा जाएगा।

9.6 प्रत्येक अंडे के छिलकों को संतोषजनक ढंग से और स्वच्छता के माध्यमों से और दुर्गन्ध का निरीक्षण करके अंडे मास का परीक्षण कर समयबद्ध दशा में तोड़ा जाएगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा अन्यथा अनुमोदित के अलावा सभी अंडा मांस का, टैंक या चूर्ण में खाली किए जाने के पूर्व इस प्रकार के कार्यों को साफ करने के लिए अर्हित किसी व्यक्ति द्वारा पुनः निरीक्षण किया जाएगा।

9.7 अंडों के छिलकों में मांस और खून के धब्बों और अन्य बाह्य सामग्री कप, ट्रे में लग जाए तो उन्हें चम्मच से हटाया जायेगा या अन्य अनुमोदित उपकरणों से हटाया जाएगा।

9.8 जब भी अखाद्य अंडे तोड़े जाएं प्रभावित तोड़ने वाले उपकरणों को स्वच्छता के साथ साफ किया जाएगा।

9.9 अखाद्य और घटित अंडों को इस अध्याय के 6 से परिभाषा दी गई है, लागू होगी।

9.10 किसी भी प्याले के पदार्थ या अन्य तरल अंडों के पात्र जिसमें एक या अत्यधिक अखाद्य या घटित अंडे हों, को निकाल दिया जाएगा।

9.11 अंतर्वस्तु को जब भी ब्रिप, ट्रे में खाली किया जाए तो उसे सावधानीपूर्वक तरल रूप में दुर्गन्ध रहित कर प्रवाहित किया जाए। ब्रिप ट्रे प्रत्येक 15 दर्जन अंडों के लिए कम से कम एक बार प्रत्येक 15 मिनट में खाली किया जायेगा।

9.12 जैसाकि खाद्य अंडों (छिद्रों के संबंध इस अध्याय के (2) 6.3 परिभाषा दी गई है तथा तोड़ने वाली मशीन का संचालन विशेष रूप से प्रशिक्षित कार्मिक द्वारा किसी पृथक स्थान पर किया जायगा।

9.13 अंडे उत्पाद प्रक्रिया में अवशय और अवशेषों का प्रयोग स्वच्छता के तरीके से संचालित किया जायेगा।

9.14 तरल अंडों के डिब्बों को प्रकाशमय कमरे से नहीं गुजारा जाना चाहिए।

9.15 परीक्षण उपकरणों के किए की व्यवस्था की जायेगी और उसका प्रयोग स्वच्छता घोल की शक्ति निर्धारण करने के लिये किया जायेगा।

9.16 छिद्र ट्रे को प्रत्येक आखिरी शिफ्ट के बाद स्वच्छता से साफ किया जाय जब कभी भी छिद्र ट्रे गंदी हो।

9.17 अंडों के छिलकों के डिब्बों में जब भी गंदगी हो तो उन्हें सुखाकर एवं स्वच्छता के साथ साफ किया जाये तथा प्रत्यक आखिरी पारी के बाद स्वच्छता से साफ किया जायेगा।

9.18 बेल्ट किस्म अंडों का वाह पट्टा जब भी गंदा हो तो उसे लगभग 4 घंटों के दौरान स्वच्छता से साफ किया जायेगा तथा प्रचालन के समय पूर्ण रूप से साफ किया जायेगा जब वाहक पट्टा प्रयोग में लाया न जाये तो उसे उंचाकर हवा में सुखाया जायेगा।

9.19 कप, ट्रे, चाक्, रेकों, विभागीय ट्रे, चम्मचों तरल अंडों, ग्लास एवं अन्य तोड़ने वाले उपकरण यांत्रिक, अंडे तोड़ने वाले उपकरण के अलावा सभी उपकरणों को प्रत्येक 2.5 घंटे में स्वच्छता से साफ, किया जायेगा, यह उपकरण प्रत्येक आखिरी पारी के बाद स्वच्छता के साथ साफ, करने के बाद ही प्रयोग में लाया जायेगा।

9.20 पात्र (बर्तनों) और खंडित उपकरणों को जलोत्सारित किया जायेगा और अनुमोदित स्वतः जल बहाने वाली धातु की रेकों पर हवा में सुखाया जायेगा और पीड़ित रूप में नहीं रखा जाएगा।

9.21 डम्प टैंकों, टेकों और मंथन ढोल को लगभग प्रत्येक 84 घंटों में साफ, किया जायेगा, सभी इस प्रकार के उपकरणों और सभी अन्य तरल उपकरणों की व्यवस्था एवं स्वच्छता नियमिता से की जायेगी तथा पृथकीकरण उपकरणों को प्रत्येक आखिरी पारी के बाद साफ, किया जायेगा। पसराइजेशन उपकरण प्रत्येक दिन आखिरी पारी के बाद साफ, किया जाएंगे इस प्रकार के सभी उपकरणों प्रथमतः स्वच्छता से साफ, करने के पश्चात ही प्रयोग में लाया जाएगा।

9.22 छलनी, निर्गलीकरण, छलना और छिलका के हिस्सों और अन्य बाह्य सामग्री के हटाने के लिये प्रत्येक में लाये गये अन्य उपायों को प्रत्येक समय स्वच्छता से साफ, किया जायगा। यदि इस प्रकार के अपकरणों को बदलना आवश्यक समझा जाये तो परीक्षण के 4 घंटों के अंतराल के दौरान बदला जाये।

9.23 तोड़ने वाले कक्ष के प्रक्रियात्मिक उपकरणों का भंडारण फर्श पर नहीं किया जायेगा।

9.24 धातु के डिब्बों और शुष्क उत्पादों ढक्कनों को, से भिन्न के लिये पूर्णतः साफ, किया जायेगा और स्वच्छता से प्रदूषण मुक्त किया जायेगा तथा भरने से पूर्व शीघ्रता से जलोत्सारित किया जायगा। यदि लिखित में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित समान प्रभावकारी उपायों का पालन यह आश्वस्त करने के लिये किया जाता है कि भरने के समय डिब्बे स्वच्छता से साफ, किये जाते है तो उपरोक्त अनुक्रम की आवश्यकता नहीं होगी।

9.25 तरल अंडो का भंडारण, डिब्बों (टैंक और ट्रकों सहित) सफाई से मुक्त करके परिवहन के काम में लाया जायेगा, इस प्रकार के उपकरण को प्रयोग में लाये जाने के पूर्व तत्काल साफ किया जायेगा तथा स्वास्थ्यप्रद किया जायेगा।

9.26 प्रत्येक आखिरी पारी के बाद मेज, छिलका वाहक और अखाद्य अंडे उत्पाद के डिब्बों को साफ किया जायेगा।

9.27 यांत्रिक अंडे तोड़ने वाली मशीन का संचालन पूर्णतया नियंत्रण और उचित निरीक्षण के हिसाब से चलाया जायेगा और अखाद्य अंडों का और सभी घाटे से विश्वास दिलाया जाये के लिये प्रत्येक अंडे का प्रथकरण किया जायेगा। मशीन का संचालन स्वच्छता पूर्ण ढंग से किया जायेगा।

(1) जब अखाद्य अंडे यांत्रिक अंडों से मिल जाये तब पृथक करने वाले उपकरणों से अखाद्य अंडों और संदूषित तत्व को हटा दिया जायेगा, मशीन को दोषमुक्त करने अथवा स्वच्छता से साफ किया जायेगा, अथवा सभी मशीनों के हिस्सों को साफ कर अखाद्य अंडों को तोड़ने वाली मशीन से उचित माध्यम से हटा दिया जाये।

(2) तरल अंडों के पंप चालन की प्रणाली सीधे तोलने वाली मशीन से अनुमोदित स्वच्छता डिजाइन से बनाई जाये जब अखाद्य अंडों में मिल जाये तब नमूने द्वारा बनी नाली को बंद कर देना चाहिये तथा पंप चालन प्रणाली प्रत्येक आखिरी पारी के बाद स्वच्छता से साफ किया जाये तथा अन्य पंप चालन प्रणाली के उपकरणों को स्वच्छता की दृष्टि से 4 घंटों के अंतराल पर स्वच्छता से साफ किया जायेगा, सभी तरल अंडों को तोड़ने वाली मशीन का पुनः निरीक्षण किया जायेगा। सिवाय इसके जो अन्यथा सक्षम प्राधिकार द्वारा विहित और अनुमोदित किये जायें।

(3) यांत्रिक अंडों को तोड़ने वाले उपकरण को प्रयोग करने से पूर्व स्वच्छता से साफ किया जायेगा और संचालन के दौरान उपकरण को लगभग प्रत्येक 4 घंटों के अंतराल उनकी स्वास्थ्यप्रद दशा बनाये रखने के लिये स्वच्छता से साफ किया जायेगा, और यह यंत्र (उपकरण) प्रत्येक आखिरी पारी के बाद साफ किया जायेगा।

10. तरल अंडों का प्रशीतन

10.1 तरल अंडों का भंडारण कक्षों, कूलरों की सतह सहित और भंडारण टैंक कक्षों को आपत्तिजनक दुर्गन्धों एवं घरीभूत करने से मुक्त एव साफ रखा जायेगा। जब भी कूलरों की सतह को तरल भंडारण के प्रयोग में लाया जाये तो तरल उत्पाद ढका होगा, तरलता प्रशीतन इकाइयां अनुमोदित संरचना की होगी और इस अध्याय में निर्दिष्ट सभी तरल अंडों को तापीय अपेक्षाओं से बचाने के लिये प्रशीतित सामग्री पर्याप्त क्षमता रखेगी।

10.2 तरल अंडों को लागू होने वाली तापीय अपेक्षाओं का अनुपालन एवं केवल सभी समाधान के रूप में समझा जायेगा, यदि तरल अंडे पूर्ण जनसाधारण की आवश्यकता को पूरा करते हैं।

10.3 तरल अंडा उत्पाद के लिये प्रशीतन और तापीय अपेक्षाएं वे होंगी जो इस अध्याय की सारणी–1 में विनिर्दिष्ट है।

10.4 लिखित आवेदन पर और ऐसी शर्तों के अधीन जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित अन्यथा ऐसी तरल प्रशीतन और तापीय भंडारण की इस अध्याय में अन्यथा व्यवस्था नहीं की गई है, अनुमोदित की जायेगी।

10.5 द्रव्यों (पदार्थों) को मिलाने वाले यंत्र का संचालन ऐसी रीति से किया जायेगा जिससे फेन कम हो।

10.6 जब बर्फ का प्रयोग किसी असामान्य परिस्थितियों में प्रशीतन के लिये किया जाये तो सीधे संपर्क के स्थान में किया जाये तथा बर्फ का स्रोत जो खाद्य प्रसंस्कार्य के लिये सुरक्षित तथा यथोचित के लिये सक्षम प्राधिकारी के स्वीकार्य राज्य स्वास्थ्य प्राधिकारी या अन्य अभिकरण या प्रयोगशाला द्वारा अनुमोदित स्थानीय या राज्य स्वास्थ्य बोर्ड द्वारा प्रमाणित किया जायेगा।

11. तरल अंडों का रख-रखाव

11.1 तरल अंडों के लिये रख-रखाव के लिये प्रयोग की रूपरेखा टेंकों और नालों की संरचना अनुमोदित होगी और ढक्कनों से फिट और स्वच्छता की स्थिति के कमरों में उपलब्ध होगी, जो पूर्ववर्ती के होते हुए अंकों के आकार के लिये व्यवस्थापन कक्ष या भवन के बाहर की तरफ इसके लिये स्वीकार्य है, और टेंकों की परीक्षण कक्ष से हटाकर खोला जाये।

11.2 तरल अंडे का रख रखाव टेंकों या नादों की यथोचित थर्मामीटरों और हिलाने के यंत्रों से सज्जित रखा जायेगा।

11.3 रख-रखाव के टेंकों या बर्तनों की अतिमात्रा में फेनन से रोका जायेगा।

11.4 यदि गैस केप्स को प्रयोग में लाया जाये तो वह पूर्ण से स्वच्छता युक्त हो।

12 प्रशीतन युक्त सुविधायें

12.1 प्रशीतन युक्त कक्ष या तो चालू या बंद के के परिसर सभी तरह के अंडों के उत्पाद के लिये हिमशीतन क्षमता जो इस अध्याय के 13 में दी गई है। अपेक्षाओं के अनुसार होगी, बंद परिसर प्रशीतन सविधाएं केवल तभी अनुज्ञात है जब सुक्षम प्राधिकारी से लिखित में पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लिया है।

12.2 सभी हिमशीतन कक्षों में यथोचित हवा की व्यवस्था की जाएगी।

13. प्रशीतन संचालन

13.1 प्रशीतन कक्षों को साफ, और आपत्तिजनक दुर्गन्धों से मुक्त रखा जायगा।

13.2 अपेक्षाएं

(1) अब पेस्चुराइज्ड अंडे उत्पाद जिसे जमाया जाता हो उसे टोस रूप में जमाया जायेगा और तोड़ने के समय से 60 घंटों के अंदर ताप–12 डिग्री सेल्यिस या उससे कम किया जायेगा।

(2) पेस्चुराइज्ड अंडे के उत्पाद जिसे जमाया जाता हो उसे टोस रूप में जमाया जायगा या पेस्चुराइजेशन के समय से 60 घंटों के भीतर ताप 12 डिग्री सेल्यिस या उससे कम किया जायेगा।

(3) जिस उत्पाद का ताप टोस प्रशीतन में न हो उसे इस अध्याय की अनुपालनता के निर्धारण करने के लिये डिब्बों में केन्द्र पर ले जाया जायेगा।

13.3 डिब्बों को ढेर में रखा जायेगा ताकि वे चारों तरफ की हवा के प्रवाह को सहन कर सके।

13.4 तरल अंडे के डिब्बे के बाहर की तरफ, से साफ, और तरल अंडे के साक्ष्य से मुक्त होंगे।

13.5 प्रशीतित अंडे के उत्पाद की प्रशीतन के बाद यह निर्धारित करने के लिये कि ये अंडे मानव खाद्य योग्य है आरगनोलेप्टिक परीक्षण द्वारा जांच की जायेगी, यदि इस प्रकार का उत्पाद जाम मानव खाद्य है योग्य न हो तो अप्राकृतिक होगा और इस पर औपचारिक पहचान चिन्ह जोकि किसी डिब्बे पर लगा हो, ऐसे डिब्बों को हटाया जायेगा या पूर्णतः हटाया जायेगा या पूर्णतः नष्ट कर दिया जायेगा।

14. अप्रशीतन सुविधायें

14.1 अब रीतप टेंकों एवं बर्तनों की संरचना अनुमोदित धातु से की जायेगी ताकि पूर्णतः स्वच्छता का प्रबंध सुनिश्चित किया जा सके।

14.2 प्रशीतन अंडे तोड़ने वाला यंत्र जब प्रयोग में लाया जाये तो यह अनुमोदित धात्विक संरचना का होगा जो तोड़ने वाला यंत्र पूर्णतः स्वच्छ होगा और जब धारक और द्रव्य बनाई जाये तो उन्हे उचित माध्यम से संदूषित होने से रोका जायेगा।

14.3 काम करने वाली मेजों को अनुमोदित धात्विक संरचना से बनाया जायेगा तथा इनकी सतह को मुलायम एवं पूर्णतः स्वच्छ की जाने योग्य होगी।

15. प्रशीतन प्रचालन

15.1 प्रशीतन अंडे उत्पाद जिन्हे अप्रशीतन किया जाता हो उन्हें किसी स्वास्थ्यप्रद तरीके से अप्रशीतन किया जायेगा।

15.2 अप्रशीतन अंडे के प्रत्येक डिब्बे की प्रवेश टैंक में खाली करने से पूर्व जांच की जाएगी कि डिब्बे दुर्गन्धित न हो, अप्रशीतन अंडे जो आपत्तिजनक दुर्गन्धों से मुक्त और मानव उपयोग के योग्य न हो तो इन्हें अप्राकृतिक (अष्ट) किया जाए, जैसे खट्टे, दुर्गन्धता पूर्ण, फफूंदीदार या सड़ने की दुर्गन्ध आदि।

15.3 सूखी के उत्पाद के प्रयोग किये जाने वाली जमी हुई सफेदी को कमरे के तापमान में पिघलाया जा सकता है, अन्य सभी सफेदी इस अध्याय के पैरा 15.4 के अनुसार पिघलाई जा सकेगी।

15.4 जमे हुए संपकर्ण अंडे की सफेदी और पिघला हुआ भाग और पीला भाग नष्ट कर दिया जाए या कुछ पिघलाया जाए जो कि कमरे के तापमान में 48 घंटे से अधिक न रखा गया हो इसका कक्ष का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से अधिक न हो परन्तु यह कि पिघले हुए तरल का कोई भी भाग बर्तन में या इसके बाहर 10 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होगा।

(i) धातु के बर्तन में पैक किए गए जमे हुए अंडों को बिना निमज्जन के ठंडे नल के चलते पानी में रखा जा सकेगा।

15.5 बर्तनों के उठाने और अंडे उत्पाद को हटाने के लिये स्वच्छता के तरीकों का प्रयोग किया जायगा।

15.6 पिघलाने की प्रक्रिया में प्रयोग किए गए दलित और अन्य यंत्र प्रत्येक पारी के बाद खंडित कर दिए जाएंगें और स्वच्छता से साफ किए जाएंगें;

(1) जहां दलित कुछ अंतराल पर प्रयोग में लाए जाते हैं ये हमेशा प्रत्येक प्रयोग के उपरांत और पुनः प्रयोग के लिए आने के पूर्व साफ किए जाएंगें;

(2) फर्श और काम करने वाला मेज साफ रखा जाएगा।

16. छिड़काव की क्रिया सुखाने की सुविधाएं

16.1 सुखाने वाले यंत्र निरंतर छिड़काव वाले होंगें और इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए कि इसमें ज्यादा पाउडर जमा न हो सके।

16.2 सुखाने वाले यंत्रों की संरचना अनुमोदित सामग्री से बनी होनी चाहिए इसके ब्लेड तेज हों और इसका सतह समानांतर और सफाई युक्त हो।

16.3 सुखाने वाले यंत्र हवादार अनुमोदित फिल्टर से सज्जित होंगें;

16.4 सुखाने वाले यंत्रों में हवा के स्रोत गंदी, गंध, धूल और गंदगी से मुक्त स्रोतों की होगी;

16.5 अप्रत्यक्ष गर्मी या किसी अनुमोदित मिलावट के साधन का प्रयोग या प्रत्यक्ष आग की इकाइयों के पूर्व दहनशील अन्य अनुमोदित साधनों के लिए आवश्यक यदि किसी पूर्व मिश्रण प्रकार की मिट्टी का प्रयोग किया जाए तो यह ब्लोवर की ओर से स्वीकृत हवा की छलनी से युक्त होनी चाहिए।

16.6 उच्च तापमान के पंप हुड और लाइन लैस स्टील के होने चाहिए इसकी संरचना स्टैनलैस स्टील की या इसके समकक्ष होनी चाहिए जिससे कि सफाई उचित प्रकार हो सके।

16.7 यदि प्रीहिटिंग इकाई को प्रयोग में लाया जाए तो उसकी संरचना स्टैनलैस स्टील या समतुल्य से की जाए जिसे पूर्ण रूप से साफ होना चाहिए।

16.8 पाउडर फेंकने वाले यन्त्रों की संरचना ऐसी होनी चाहिए जिसे कि पूर्ण रूप से साफ किया जा सके।

16.9 छलनी अनुमोदित धातु की बनी हो या धातु की लाइनिंग की, छलनी का पर्दा तथा फ्रेम की संरचना अनुमोदित धातु की हो, जिससे कि सूखे हुए अण्डों का बहुत सा भाग या ढेर जब छलनी का कार्य कर रही हो तो लगातार हटाया जा सके।

17. छिड़काव प्रक्रिया सुखाने की क्रिया

17.1 सुखाने का कमरा स्वच्छतापूर्ण स्थितियों में रखा जाना चाहिए और मक्खी कीटों और कृतन्कों से मुक्त होगा।

17.2 (1) छिड़काव की तूती, हिद कोर या बाइ-जरज, सुखाने की प्रक्रिया की समाप्ति के तत्काल बाद साफ कर दिए जाएंगें;

कम दाब लाइन, उच्च दाब लाइन, उच्च और कम दाब लाइन, उच्च और कम दाब के पम्पों, होमोजकाइजरों और पेस्चुराइजरों को, जब उनका संचालन बन्द कर दिया जाता है, जैसा आवश्यक हो स्वीकार्य इनसेट सफाई के तरीकों से साफ किया जाएगा या प्रयोग के पश्चात खंण्डित कर दिया जाएगा या साफ कर दिया जाएगा।

(2) दोबारा संचालन के पूर्व यन्त्रे 2 घण्टे के अन्तराल पर साफ किए जाएं।

17.3 सुखाने वाली इकाइयां वाहक छलनी और पैकिंग प्रणाली, तभी साफ की जानी चाहिए जब गीला पाउडर डाला जाए या जब ऐसे अन्य हालात हों जो उत्पाद पर विपरीत प्रभाव डाले पूर्ण सुखाने वाले इकाई छलनी जिसमें छलनी वाहक और पाउडर कूलर भी है, को या तो गीला ही साफ किया जाएगा या सूखा साफ किया जाएगा, पूर्ण सुखाने वाली इकाई की गीली धुलाई और सूखी सफाई करना दोनों का मिश्रण तब तक अनुज्ञात नहीं होगा जब तक कि वह साफ किए जाने वाली इकाई से बिल्कुल अलग न हो गया हो।

(1) सूखे हुए सफेद से भिन्न के लिए प्रयोग में लाई गयी छलनी तथा वाहक को पाउडर से साफ किया जाना चाहिए जब यह यन्त्र 24 घण्टे से अधिक अवधि तक प्रयोग में नहीं लाया जाता हो।

(2) क्लेक्टर बैगज जब भी आवश्यक हों साफ किए जाने चाहिएं, जिससे कि उनको स्वीकार्य साफ स्थिति में रखा जा सके।

17.4 पाउडर को छाना जाएगा और स्क्रीन को, जब यह फट गयी हो तो उसे बदल दिया जाएगा।

17.5 सूखे अण्डे के जमा हुए भाग या सूखे अण्डों की डलियां छलनी की स्क्रीन से निरन्तर साफ की जाएंगी।

17.6 पतन, बरमा, उच्च दाब लाइन आदि आसपास सुखाने वाले स्थान के सभी फैले भाग, सुखाने की प्रक्रियाओं के समय जहां तक सम्भव हो बन्द कर दिए जाएंगे जिससे कि बिना छनी हुई हवा अन्दर प्रवेश न कर सके।

17.7 सुखाने वाली इकाइयों का खुला भाग सिवाय जब सुखाने वाली इकाई पाउडर धुलाई और गीली धुलाई से पूर्णतः खाली हो जाने पर सुखाने वाले यन्त्र प्रयोग में न हों तो यह बन्द कर दिया जाएगा। यह खुले भाग तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि हवा का आगमन और निकासी तूती के खुलने, पतन, बरमा आदि भी इसमें सम्मिलित हैं।

18. पाउडर के छिड़काव की प्रक्रिया, परिभाषा और आवश्यकताएं

18.1 उत्पाद की परिभाषा

(1) "प्राथमिक पाउडर" वह पाउडर है जो कि सुखाने की इकाई की प्रक्रिया के समय प्राथमिक या मुख्य सुखाने वाले चैम्बर से निरन्तर हटाया जाए।

(2) सैकेण्डर पाउडर, वह पाउडर है जो कि सुखाने की इकाई की प्रक्रिया के समय सैकेण्डरी चैम्बर/या बैग कलेक्टर चैम्बर से मन्त्रवत और निरन्तर हटाए जाएं।

(3) "झाड़ने वाला पाउडर" वह पाउडर है जो कि ब्रुश-डाउन प्रक्रिया के समय प्राथमिक या सैकेण्डरी चैम्बर और वाहन में पाया जाता है।

(4) "ब्रुश बैग पाउडर" वह पाउडर है जो कि क्लेक्टर बैग से ब्रुश किया जाए।

18.2 सकेण्डरी पाउडर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रणाली से निरन्तर फेंका जाएगा और प्राथमिक पाउडर के साथ एजेंसियों में मिलाया जाएगा।

18.3 खाद्य अण्डों के सूखे उत्पाद सूखे अंशों सहित जो कि ऐसे सूखे उत्पादों में मिलाया जाए परन्तु यह तब जब यह मिलावट ऐसे किसी कक्ष में की जाती है जो इस अध्याय के 21 में दिया गया है या एक बन्द मिश्रण प्रणाली द्वारा और साफ एवम स्वच्छ कार्य प्रणाली से और ऐसी प्रक्रिया से जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित की जाए।

18.4 किसी भी खाद्य सूखे अण्डों का पाउडर पुनः गठित, पुनः निर्जीवीकरण और पुनः सुखाकर साफ किया जा सकेगा, जब वह किसी साफ स्वच्छ रीति से सम्पन्न की जाती है और ऐसी प्रक्रियाओं के अनुसार जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित की जाए।

18.5 झाड़न पदों और ब्रुश बैग सूखी सफेदी में ब्रुश बैग के लिए के सिवाए और अनुचित रूप से सूखे या दुग्ध पाउडर से प्राप्त किया गया खाद्य सूखे अण्डों के पाउडर का पुनः गठन, पुनः निर्जीवीकरण और पुनः सुखाकरन किया जा सकेगा।

18.6 प्रत्येक अन्तराल के समय लगभग पहला और अन्तिम सुखाने वाली इकाइयों से अनुचित रूप से सुखाने या दग्ध पाउडर की जांच की जाएगी।

19. सफेदी सुखाने की सुविधाओं की प्रक्रिया

19.1 सुखाने की सुविधाएं इस प्रकार की हों कि जिससे पूर्ण सफाई हो सके और यह अनुमोदित फिल्टरों के यन्त्र से युक्त होंगी।

19.2 अन्दर जाने वाली हवा के स्त्रोत, धूल और गन्दगी से मुक्त होंगें।

19.3 यदि पूर्व मिश्रित प्रकार की भट्टियां प्रयोग की जाती हों तो यह अनुमोदित हवा के फिल्टरों से युक्त होंगी।

19.4 किण्वन टैंकों, सुखाने के बर्तनों या बेल्टस छीलने वाला क्यूरिंग रैकों और सूखी सफेदी के चूर्ण करने से तसले के लिए प्रयोग किए गए उपकरण किसी ऐसे तरीके की अनुमोदित सामग्री के बने होंगे जो सफाई के लिए योग्य होगी।

19.5 बदलने वाले स्क्रीनों की संरचना अनुमोदित सामग्री द्वारा की जाएगी तथा इस प्रकार के उपकरण पूर्णतः स्वच्छ होंगे और एल्यूमयून किस्म के उत्पादों के निर्दिष्टिकरण के अनुसार होगा।

20. एल्यूमन फ्लैक प्रक्रिया सुखाने का संचालन

20.1 किण्वन सुखाने और क्यूरिंग कक्ष को धूल मुक्त स्थिति में और मक्खियों, कीटों तथा कृन्तक से मुक्त रखा जाएगा।

20.2 सुखाने की इकाई, रैकों और ट्रकों को साफ और स्वच्छता की स्थिति में रखा जाए।

20.3 सुखाने के बर्तन, ट्रे, बेल्टस, छिलने वाला या क्यूरिंग रैकों का यदि प्रयोग किया जाता है तो इनको स्वच्छता की दशा में रखा जाए।

20.4 तेल लगाने में प्रयोग किए गए तेलों और बाक्स का प्रयोग सुखाने वाले बर्तनों में ट्रेयों में खाद्य क्वालिटी के होंगे।

20.5 संप्रेषण या बदले सूखी एल्यूमन के लिए प्रयोग किए गए उपकरण स्वच्छ दशा में रखा जाएगा।

21. सुखाना संमिश्रण, पैकिंग और ताप उपचार कक्ष और सुविधाएं

21.1 सामान्य-प्रक्रिया कक्ष को स्वच्छता की स्थिति में रखा जाए तथा मक्खियों, कीटों और कृन्तकों से मुक्त रखा जाएगा, सुखाने समिश्रण और पैकिंग कमरों को पूर्णतः प्रकाशमय होंगे और छत दीवार और सतह टाइल से बन्द की जाएगी तथा एनेमल पेण्ट या पानी के रिसाव की सामग्री से बचाया जाएगा।

(1) छत को सतह को टूटी हुई या खुरदरा होने से मुक्त रखा जाएगा जहां पर कि गंदे पानी का रिसाव हो।

(2) दीवार के अन्तरीय भाग और छत के गंदे पानी को निकालने के लिए नाली बनाई जाएगी।

(3) औजारों और उपसाधनों के भण्डारकरण के लिए धातु की भण्डारण रैकों या केबिनटों का प्रबन्ध किया जाएगा।

21.2 खाद्य अण्डा उत्पादों के सूखे संमिश्रण जिसमें खाद्य सूखे संघटों का संवर्धन भी सम्मिलित है और/अथवा छिड़काव सुखाने के उत्पादों की पैकिंग अन्य प्रसंस्करण संक्रियाओं से पृथक किसी कक्ष में की जाएगी। सूखे संमिश्रण किसी अन्य क्षेत्रों में भी किया जा सकता है परन्तु यह है कि यह किसी अनुमोदित बन्द संमिश्रण प्रणाली से संपादित हो।

(1) पास्चुरीकृत उत्पादों के लिए संमिश्रण और पैकिंग कक्ष में बाहर की अनुमोदित फिल्टरीकृत अनुकूल हवा आने का प्रबन्ध किया जाएगा।

(2) संमिश्रण और पैकिंग उपकरण और उपसाधन जो सूखे उत्पाद के सम्पर्क में आते हैं किसी अनुमोदित संरचना बिना खुली दरारों वाली होगी और ऐसी सामग्री की संरचना होगी जिसे साफ रखा जा सके तथा जिसका उत्पाद पर हानिकारक प्रभाव न पड़ सके। काम करने की मेजें बिना खुली परतों के अनुमोदित धातु की संरचना होगी और जिसकी सतहों की आसानी से पूर्णतः सफाई की जा सके।

(3) फ्लैज लाइनर स्वच्छता की किसी ऐसी रीति से रखे जाएंगे जिससे संचालन में प्रयोग किए गए उपकरण और प्रदाय फर्श से दूर रखा जा सके।

(4) सूखे अण्डों के पैकेजिंग में प्रयोग किए गए बर्तन हमेशा स्वच्छ रखे जाएंगें और जब भी संदूषित हो, स्वच्छता से साफ किए जाएंगे। उर्दगेती, ब्रूशों, कापियों और अन्य समान उपकरण का ऐसे सेनीटरी केबिनेटों या रैकों में भण्डारण किया जाएगा जिनकी इस प्रयोग करने के लिए व्यवस्था की गई हो।

(5) स्वचालित डिब्बा पूरक किसी ऐसी किस्म का होगा जो डिब्बों में उत्पाद की दी गई मात्रा को यथोचित रूप से भर सके। भरे गए डिब्बों का भार यथोचित रूप से जांच करने के लिए पैमानों का प्रबन्ध किया जाएगा। सूखे अण्डा उत्पाद के यान्त्रिकतः पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाले सभी उपकरण प्रतिदिन निर्वात साफ होंगे।

21.3 उष्मा उपचार कक्ष किसी अनुमोदित संरचना के होंगें और उसका रख-रखाव स्वच्छ दशा में होगा। वह कक्ष या कमरे पर्याप्त आकार के होगा/होंगें, जिससे उष्मा उपचारित किए जाने वाले उत्पाद के लिए यथोचित उष्मा और हवा चक्रण के लिए खाली स्थान मिल सके। कक्ष यथोचित उष्मा प्रदाय और लगातार हवा चक्रण प्रणाली से युक्त होगा।

22. सूखे अण्डों का भण्डारण :—सूखे अण्डों का भण्डारण प्लांण्ट में उत्पादन इस प्रकार होना चाहिए ताकि उसको उचित रूप से परिरक्षित किया जा सके और उसको साफ तथा सूखा और आपत्तिजनक गंधों से मुक्त रखा जाएगा।

IndiaCode

23. धुलाई और कक्षों की सफाई या क्षेत्रीय सुविधाएं

23.1 कमरे या परिसरों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होगी। तथा संचालन के समय जो अनुपात अपेक्षित हो उसके आधार पर संचालक पर्याप्त आकारों के उचित रूप से उन उपकरणों की धुलाई और सफाई अनुज्ञेय हो सके। पर्याप्त एग्जास्ट यह सुनिश्चित करने के लिए उगाए जाएंगे कि उनसे दुर्गन्ध और वाष्पों का तुरन्त उन्मूलन होता रहे तथा तोड़ने के कक्ष में हवा का प्रवाह नहीं होगा। यदि धुलाई और सफाई तोड़ने के कक्ष में नहीं जाती है तो वह क्षेत्र तोड़ने के क्षेत्रों से अलग होंगे तथा सुव्यस्थित रूप से हवा हेतु उसमें रोशनदान होंगे जो कि संचालन प्रक्रियाओं से सीधे नहीं जुड़े होंगे ताकि दुर्गन्ध और वाष्प तोड़ने के क्षेत्रों में प्रवेश न कर सके।

23.2 दीवारों और छतों की सतह टाइलों, एनेमल पेण्ट या कोई अन्य जलरोधी सामग्री से बनी होंगी।

23.3 फर्श में नालियों के लिए पर्याप्त ढलान होगी और वह कटाव और क्षरण सतह से मुक्त होंगे जहां पानी और धूल का प्रवेश नहीं होगा और दीवार के आन्तरिक भाग में पानी नहीं पहुंचेगा।

24. सफाई एवं स्वच्छता सम्बन्धी अपेक्षाएं

24.1 सफाई :

(1) अण्डे प्रसंस्करण प्रक्रिया में जो उपकरण तरल अण्डों या बाह्य खाद्य उत्पाद की सफाई के लिए जो आवर्णक तत्व को निकालने और वर्णक अवशिष्टों को निकालने के लिए हैं उन्हें स्वच्छतापूर्वक सफाई से रखा जाएगा, जबकि उन्हे विशेष प्रभाव से साफ न किया जाए, इसमें सफाई की कोई भी पद्धति अपनाई जा सकती है, परन्तु प्रमुख रूप से जब तक सफाई में उच्च दाब का प्रयोग नहीं किया जाता है, ठोस उपकरणों को ठण्डे पानी से प्रवाहित कर देना चाहिए। जब भी आवश्यक हो उसको अण्डों में डिटर्जेण्ट युक्त गर्म पानी में प्रक्षालक से घूर्ण करके तथा पानी से खंगाल कर रखना चाहिए। यह आवश्यक होगा कि उपकरण की सतह को बारीकी से साफ किया जाए, यदि आवश्यक हो तो प्रभावी रूप से सफाई भी की जा सकती है।

(2) उपकरणों को ऐसी बारम्बारता से साफ किया जाएगा जिसमें कि सफाई सम्बन्धी अपेक्षाओं के अन्तर्गत अन्यत्र विनिर्दिष्ट विशेष प्रक्रिया और उपकरण का विशेष प्रकार सम्बन्ध होगा।

